RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# विनय उजाला

वर्ष-12, अंक 141 | भोपाल, गुरुवार ● 28 नवम्बर 2024 | मूल्य 2.00 रुपए , कुल पृष्ठ - 8

**सुविचार**

क्रोध के एक पल में संयम रख लो,
पश्चाताप के हज़ारों पल बच जाएंगे।
- डॉ. विनय दीवान, भोपाल

भक्ति और भरोसा इतना करो कि
संकट हम पर आए और चिंता प्रभु करें।
- के.पी. जाट, भोपाल

जब तक मन में खोट और
दिल में पाप है, तब तक
बेकार सारे मंत्र और जाप है।
- योगेन्द्र गीते, देपालपुर

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले तेलंगाना के भाजपा सांसद और विधायक

**नई दिल्ली (हि.स.)।** तेलंगाना से भाजपा के सभी 18 निर्वाचित जन प्रतिनिधियों ने बुधवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। टीम में आठ लोकसभा सदस्य, एक राज्यसभा सदस्य, आठ विधायक और एक एमएलसी शामिल थे। तेलंगाना भाजपा के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के प्रमुख मुद्दों और राज्य में पार्टी की भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, तेलंगाना भाजपा के विधायकों और सांसदों के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। राज्य में हमारी पार्टी की उपस्थिति तेजी से बढ़ रही है।






# प्रदेश में उद्योगों को सुगमता से स्थापित करने पर विशेष जोर दिया जायेगा : डॉ. मोहन यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लंदन में निवेशकों और उद्योग जगत के अग्रणी लीडर्स के साथ वन-ऑन-वन मीटिंग्स कर प्रदेश में निवेश की व्यापक संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवकरणीय ऊर्जा, कृषि व्यवसाय, अधोसंरचना, स्वास्थ्य सेवा और आईटी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी के अवसरों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। यह जानकारी बुधवार को जनसंपर्क अधिकारी अंकुश मिश्रा ने दी।




उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों को राज्य की व्यापार अनुकूल नीतियों और प्रोत्साहनों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योग और नवाचार के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने राज्य की औद्योगिक क्षमता और इसके माध्यम से सतत विकास एवं नवाचार को बढ़ावा देने की अपनी दूरदर्शी सोच साझा की, जिसकी निवेशकों ने सराहना की। मुख्यमंत्री. डॉ. यादव ने कहा मध्य प्रदेश, निवेशकों के लिए न केवल अवसरों का केंद्र है, बल्कि एक ऐसा साझेदार है, जो उनके व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मदद करेगा। उन्होंने प्रदेश में उद्योगों को सुगमता से स्थापित करने और संचालन के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही अधोसंरचना, कुशल कार्यबल और अन्य संसाधनों पर विशेष जोर दिया।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने वन-ऑन-वन बैठकों में प्रत्येक निवेशक की परियोजना और आवश्यकताओं को ध्यानपूर्वक सुना और मध्यप्रदेश में निवेश के लिए बेहतर अवसर और नीतिगत समर्थन का भरोसा दिलाया। राउंड-टेबल चर्चाओं में इलेक्ट्रिक वाहन, नवकरणीय ऊर्जा, शिक्षा और खाद्य प्रसंस्करण जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर विशेषज्ञों और सरकारी अधिकारियों के साथ विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंडोरामा ग्रुप, एसआरएएम एंड एमआरएएम ग्रुप, सायनकॉननोड, हाइब्रिड एयर व्हीकल्स लिमिटेड, क्लिनीसप्लाईज, औरोरा एनर्जी रिसर्च, एल्सेवियर, वीडिलीवर, कैपरो, वेबसाइट, द मोंटकैल्म लग्ज़री होटल्स, फाइला अर्थ, एम्पर्जिया लिमिटेड, अयाना कंसल्टिंग, पैंजिया डेटा लिमिटेड, इनवर्जी, बीईएम ग्रुप लिमिटेड, डैक्स फर्स्ट, रैनसैट ग्रुप, कोगो इकोटेक सॉल्यूशंस, एम्पैटी.एआई, मनी फॉर बिजनेस लिमिटेड, डीएएम हेल्थकेयर लिमिटेड और हेलियन जैसी कंपनियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की। बैठक में औद्योगिक विकास को गति देने और संभावित सहयोग के अवसरों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने निवेशकों को मध्य प्रदेश में अनुकूल व्यावसायिक माहौल और निवेश के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विभिन्न क्षेत्रों पर केंद्रित राउंड-टेबल परिचर्चाओं में भाग लिया। इन परिचर्चाओं में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ऑटोमोबाइल और नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा और फूड प्रोसेसिंग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह पहल राज्य को एक वैश्विक निवेश स्थल बनाने और उद्योगपतियों के साथ मजबूत साझेदारी विकसित करने में परिणामोन्मुखी साबित होगी। साथ ही ये बैठकें औद्योगिक विशेषज्ञों और निवेशकों के साथ मध्य प्रदेश के विकास के लिए नई संभावनाओं को आकार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगी।

## भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के 43वें संस्करण का समापन, दस लाख से अधिक लोग पहुंचे

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रगति मैदान में चल रहे भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के 43वें संस्करण का बुधवार को समापन किया गया। इस मौके पर आईटीपीओ के कार्यकारी निदेशक प्रेमजीत लाल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस वर्ष मेले में प्रतिभागियों की अच्छी संख्या रही। अच्छा व्यापार हुआ। उन्होंने कहा कि मेले में दस लाख से अधिक आगंतुक आए। इस मौके पर विभिन्न श्रेणियों में सभी पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में पुडुचेरी को स्वर्ण पदक, मेघालय को रजत पदक और कर्नाटक को कांस्य पदक प्रदान किया गया। इसके अलावा पंजाब, पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा को विशेष प्रशंसा प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए।

राज्यों की श्रेणी में विषयगत प्रस्तुति में मध्य प्रदेश ने स्वर्ण पदक जीता, ओडिशा को रजत पदक और असम को कांस्य पदक प्रदान किया गया। महाराष्ट्र, पंजाब और तमिलनाडु को विशेष प्रशंसा प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। आईआईटीएफ में आईटीपीओ ने स्वच्छ भारत अभियान का भी पालन किया और प्रदर्शकों तथा आगंतुकों के बीच सफाई और स्वच्छता के बारे में जागरुकता बढ़ाई तथा स्वच्छ मंडप को भी पुरस्कार दिया गया जिसमें गोवा को स्वर्ण, केरल को रजत, हरियाणा को कांस्य तथा उत्तराखंड और गुजरात को भी प्रशंसा पुरस्कार प्रदान किया गया।

विदेशी मंडपों में, ट्यूनीशिया गणराज्य के दूतावास को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया और मिस्र (मिलानो बाजार) ने रजत पदक जीता, जबकि कांस्य पदक तुर्की, और थाईलैंड (थाई एसएमई निर्यातक संघ) को प्रदान किया गया।

## आगामी सात दिसबंर को होगा एमजीसीयू का द्वितीय दीक्षांत समारोह,उपराष्ट्रपति होगे मुख्य अतिथि

**पूर्वी चंपारण** (हि.स.) ।महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) का द्वितीय दीक्षांत समारोह अगामी 7 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उपस्थित होगे। कार्यक्रम का आयोजन मोतिहारी के राजा बाजार स्थित गांधी प्रेक्षागृह मे होगा। इसकी जानकारी देते एमजीसीयू जनसंपर्क अधिकारी शेफालिका मिश्ना ने बताया कि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. महेश शर्मा. कुलपति संजय श्रीवास्तव सहित शैक्षणिक तथा सार्वजनिक जीवन की कई अन्य प्रतिष्ठित हस्तियाँ उपस्थित रहेंगे।

## हड़प्पा कालीन लोथल में मिट्टी धंसने से एएसआई की दो महिला अधिकारी दबी, एक की मौत

**अहमदाबाद, (हि.स.)।** गुजरात में हड़प्पा संस्कृति केन्द्र लोथल में बुधवार को मिट्टी धंसने से आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) की दो महिला अधिकारी दब गई। इनमें एक महिला अधिकारी की मौत हो गई। जबकि दूसरी अधिकारी गंभीर रूप से घायल है। घायल महिला अधिकारी को बगोदरा के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मृतक अधिकारी का नाम जियोलॉजिस्ट सुरभि वर्मा (23) और घायल अधिकारी का नाम जियोलॉजिस्ट यामा दीक्षित (45) बताया गया है। अहमदाबाद जिले की धोलका तहसील के लोथल में हॉल मेरिटाइम म्यूजियम बनाने का काम चल रहा है। इसके समीप ही पुरानी साइट पर सड़क बनाने का काम हो रहा है।

# संविधान हमारे लोकतंत्र की नींव और राष्ट्र की प्रगति का मार्गदर्शक : डॉ. वीरेन्द्र कुमार

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं है, यह हमारे लोकतंत्र की नींव और राष्ट्र की प्रगति का मार्गदर्शक है। इसके मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाना आवश्यक है ताकि हम एक ऐसा भारत बना सकें, जहां समानता, न्याय और गरिमा हर नागरिक के लिए सुनिश्चित हो।




डॉ. आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में भारतीय संविधान के 75वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान, जो 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत हुआ, भारत की विविधता में एकता और लोकतंत्र के प्रति अडिग प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह समावेशी विकास, न्याय और समान अवसरों के सिद्धांतों को साकार करता है। इन मूल्यों के अनुरूप, मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों को सशक्त करने और उन्हें उनके अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

कार्यक्रम में राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि संविधान दिवस युवाओं के मन में ज्ञान का दीप प्रज्वलित करता है, उन्हें भारतीय संविधान को समझने, सम्मान देने और पालन करने के लिए प्रेरित करता है। ऐसे समय में जब लोकतंत्र के महत्व को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है, संविधान दिवस का उत्सव हमें अपने संवैधानिक मूल्यों से जोड़े रखता है और भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. आंबेडकर की कालजयी विचारधाराओं को फैलाने का माध्यम बनता है। मंत्रालय ने अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों, विमुक्त जनजातियों, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त करने के लिए कई प्रयास किए हैं। यह समावेशिता और गैर-भेदभाव के संवैधानिक आदर्शों को साकार करने की दिशा में कार्यरत है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जो प्रत्येक नागरिक के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता, और बंधुत्व सुनिश्चित करता है। यह हमें एक ऐसा समाज बनाने के लिए प्रेरित करता है, जहां कोई भी पीछे न छूटे।

कार्यक्रम में संविधान पर आधारित एक रोचक और संवादात्मक क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें 10 टीमों ने भाग लिया। यह क्विज 25 प्रश्नों पर आधारित था, जो संविधान के विभिन्न पहलुओं, इसके इतिहास और मूल सिद्धांतों को कवर करता था। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सचिवों ने भी इस अवसर पर संविधान की प्रासंगिकता और हर नागरिक के लिए न्याय व गरिमा सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने %विकसित भारत% के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार मिले।

कार्यक्रम में भारतीय संविधान की ऐतिहासिक यात्रा और आधुनिक महत्व पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।




## संक्षिप्त समाचार

### प्रिया यादव मानव अधिकार अपराध नियंत्रण संगठन की सदस्य नियुक्त



**धामनोद, निप्र।** नगर की प्रिया यादव को मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के सदस्य पद पर मनोनीत किया है उनकी नियुक्ति पर संगठन के सदस्य डॉक्टर सावित्री पाटीदार राजेश तायल महेश सोडानी व अन्य लोगो ने हर्ष जताकर बधाई प्रेषित की।

### संविधान प्रेमियो ने बड़ी ही सादगी से मनाया संविधान दिवस



**धामनोद, निप्र।** मंगलवार को नगर के ह्रदय स्थल न्यू बस स्टेण्ड पर संविधान प्रेमीयो द्वारा बड़ी ही सादगी से संविधान दिवस मनाया गया जय भीम सैनिक संगठन के तत्वाधान मे कार्यक्रम आयोजित हुआ। सर्वप्रथम संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ आम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया भारतीय संविधान अमर है जैसे नारे लगाए इधर संविधान प्रेमियों ने संविधान की उपलब्धिया पर चर्चा की संविधान मे सभी धर्मों कों स्थान दिया हैं यह बताते हुए बताया कि संविधान ने महिलाओं कों आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया संविधान मे सभी जातियों कों एक प्राथमिकता दी गई है संविधान 26 नवंबर 1949 को तेयार हो गया जिसे 26 जनवरी 1950 कों लागु किया गया संविधान मे सभी मोतियों कों एक माला मे पिनोया हैं भारत का संविधान सबसे बड़ा और लिखित संविधान है भारत के संविधान की उपलब्धियो को संयुक्त राष्ट्र संघ अमेरिका भी मानता है बाबा साहेब के द्वारा रचित संविधान और प्रतिमा पर मोमबत्ती जला कर हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर नगर सहित आसपास के लोग मौजूद थे।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र। कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत कार्यक्रम का दिल्ली विज्ञान भवन से महिला एवं बाल विकास द्वारा प्रसारित सीधा प्रसारण महिला बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियांशी भंवर के साथ देखा।**





इस दौरान जिले की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं एवं बाल विवाह रोकथाम के लिए कार्यरत एनजीओ के सदस्य भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से बाल विवाह रोकथाम के लिए लोगों को प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसका उद्देश्य व्यवहार परिवर्तन एवं महिलाओं के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रचार प्रसार का भी है, जिससे लोगों ने जागरूकता बढ़े। इस दौरान सभी अधिकारीगण एवं प्रतिभागियों ने बाल विवाह रोकथाम की प्रेरित करने वाली डॉक्यूमेंट्री भी देखी। कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने इसके पश्चात बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के प्रति जागरूकता प्रसारित करने एवं इस प्रकार की कोई भी गतिविधि रोकने के उद्देश्य से बाल विवाह रोकथाम शपथ का वाचन किया। कलेक्टर डॉ बेडेकर ने बताया कि शासन द्वारा प्रारंभ किया जा रहा ये अभियान बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त कर देश के बच्चों को एक सुरक्षित और उज्वल भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में दिल्ली के विज्ञान भवन से %बाल विवाह मुक्त भारत% पोर्टल का भी अनावरण किया गया, जो बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने, इसकी रोकथाम करने तथा बाल विवाह की घटनाओं की प्रभावी सूचना देने के अभियान के मिशन के लिए समर्पित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है।

# किसान का बनाया अश्लील वीडियो, वायरल करने की धमकी देकर मांगे 90 लाख रुपए

### पुलिस ने की कार्यवाही, आरोपी अरेस्ट

विनय उजाला

**धार, निप्र।** एक किसान का अश्लील वीडियो बनाकर रुपए मांगने का मामला सामने आया है। आरोपी बैंक कर्मचारी व महिला ने वीडियो डिलीट करने के एवज में 90 लाख रुपयों की मांग रखी थी, बडी रकम मांगने के कारण जब पीड़ित की तबीयत खराब हुई तो परिवार के लोगों ने किसान से बाचतीच की।

तब पूरा मामला सामने आया हैं, पीडित किसान परिवार के साथ कोतवाली थाने पर पहुंचा, जहां पर पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने बैंक कर्मचारी पवन नायक निवासी नालछा व महिला संगीता (परिवर्तित नाम) निवासी तिरला को अरेस्ट किया है. आरोपियों को गिरफतार करने की कार्यवाही सीएसपी रविंद्र वास्कले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी समीर पाटीदार, उनि सपना डोडिया, सउनि गजेंद्रसिंह, प्रआर आशिफ व आरक्षक शिव द्वारा की गई है।

**यह था मामला**

सादलपुर क्षेत्र निवासी किसान प्यारेलाल (परिवर्तित नाम) को फरवरी माह में होम लोन की जरुरत थी, तब बैंक कर्मचारी पवन नायक से किसान की फोन पर बातचीत हुई। लोन दिलाने के नाम पर आरोपी ने किसान को पेट्रोल पंप के पास बने अपने ऑफिस पर बुलाया था, जहां से आरोपी व किसान की बातचीत शुरु हो गई। आरोपी ने 12 लाख 80 हजार रुपए का लोन भी ग्रहम हाउसिंग फाइनेंस से करवाया था, इसके बाद से ही आरोपी व किसान से मिलना-जुलना बढ गया। आरोपी को जब पता चला कि किसान के पास 60 बीघा जमीन हैं, तो आरोपी ने किसान को कहा कि जीवन के आनंद लेना हो तो एक युवती से बाचतीत करवा देता हूँ।

**होटल में मिलने बुलाया**

पवन नायक ने आरोपी महिला को किसान का नंबर दिया व फोन पर बात करने के लिए कहा। इसके बाद से ही महिला व किसान की फोन पर बातचीत होने लगी। 18 अक्टूंबर को पीडित किसान के भतीजे का एक्सिडेंट हो गया था, तब किसान गांव से धार आया। महिला ने किसान को फोन करके देवीजी रोड स्थित काश होटल में मिलने के लिए बुलाया, होटल के रुम में महिला ने पीडित किसान का अर्धनग्न अवस्था में एक वीडियो बना लिया, इसबात की जानकारी पीडित किसान को नहीं थी। हालांकि महिला ने किसान को संबंध नहीं बनाने दिए थे। किसान ने रुम का किराया 1500 रुपए भी महिला को दिया था।



**व्हाटसअप पर भेजा वीडियो**

कुछ दिनों बाद महिला ने किसान को फोन किया व बताया कि एक वीडियो व्हाटसअप पर भेजा है। जब किसान ने वीडियो देखा तो उसमें महिला के साथ वो अर्धनग्न अवस्था में नजर आ रहा है। महिला ने वीडियो डिलीट करने के एवज में 90 लाख रुपयों की मांग रखी, किसान ने इतनी बडी रकम नहीं होने की बात कही तो आरोपी उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगे। तब किसान ने महिला व आरोपी को 5 से 6 लाख रुपए देने की पेशकश रखी, हालांकि आरोपियों ने रुपए नहीं लिए।

**दबाव बनाने पर किसान बीमार**

आरोपियों ने बडी रकम किसान से नहीं मिलने पर किसान को हर महीने 15 लाख रुपए देने के लिए कहा, किंतु किसान ने मना कर दिया। आरोपी लगातार किसान पर रुपयों के लिए दबाव बना रहे थे, जिसके कारण किसान बीमार हो गया था। परिवार के लोगों ने किसान से पूछा तक पीड़ित ने पूरा घटनाक्रम परिजनों को बताया, जिसके बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मंगलवार देर रात प्रकरण दर्ज किया है।

**आरोपी अरेस्ट, फोन जब्त**

कोतवाली पुलिस ने इस मामले में आरोपी पवन नायक व महिला संगीता को बुधवार के दिन गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जिस फोन से वीडियो बना था, उसे भी जप्त कर लिया है। थाना प्रभारी समीर पाटीदार के अनुसार पीड़ित ने पूरा घटनाक्रम पुलिस को बताया, उसी आधार पर कार्यवाही की गई। आरोपियों को अरेस्ट कर लिया गया है।




## संविधान दिवस राष्ट्रीय विधि दिवस के उपलक्ष्य में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** जिविसेप्रा की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती विधि सक्सेना के संरक्षण में 26 नवम्बर-2024 को संविधान दिवस/राष्ट्रीय विधि दिवस के उपलक्ष्य में जिला न्यायालय परिसर स्थित न्याय वाटिका में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर की अध्यक्षता श्रीमती विधि सक्सेना प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा की गई। जागरूकता शिविर का प्रारम्भ श्रीमती विधि सक्सेना प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व संविधान प्रणेता श्री भीमराव अम्बेडकर के मूर्ति व चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके उपरांत संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुये विधि सक्सेना ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के लिये संविधान की महत्ता धार्मिक पुस्तकों के समान ही है। संविधान व्यक्तियों को अधिकार तो प्रदान करता ही है उनके मौलिक कर्तव्यों का प्रावधान भी करता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों को जानने के साथ-साथ कर्तव्यों को जानना चाहिए, वे कठिन नही है। वर्तमान में मौलिक कर्तव्य 11 है उन्हें समझे व राष्ट्रीय प्रतीको, चिन्हों का सम्मान करे। शिविर में न्यायाधीश श्री आर.के. शर्मा, श्री सुभाष सुनहरे, श्री हेमन्त सिंह, श्री गौतम सिंह मरकाम, श्री वी.पी.एस. चैहान, सुश्री साक्षी मसीह, श्री बलराम मीणा के साथ-साथ अध्यक्ष अभिभाषक संघ श्री दीपक भण्डारी, अन्य अभिभाषकगण, एलएडीसीएस अधिवक्ता श्री रूपेश शर्मा, श्री शिवम वर्मा व श्री विश्वास शाह उपस्थित रहे। जिविसेप्रा की ओर श्री सागर अग्रवाल डीएलओ, श्री गिलदारसिंह, श्री दिनेश हिहोर, श्री प्रतापसिंह डामोर, श्री मोहनसिंह कटारा, श्री संजय बसौड़ व श्री उमेश खपेड़ द्वारा शिविर के आयोजन में सहयोग किया गया। शिविर में समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण व ऑफिस स्टॉप मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों की विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित हुई

### दिव्यांग बच्चों के प्रति समाज का रवैया सकारात्मक होना चाहिए, ये बच्चे किसी से कम नहीं हैं : मनोज दुबे



विनय उजाला

**डही, निप्र।** जनपद शिक्षा केंद्र डही में बुधवार को दिव्यांग बच्चों के लिए विकासखंड स्तरीय खेलकूद, रांगोली और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में करीब 50 दिव्यांग विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिन्हें बीआरसी मनोज दुबे ने प्रोत्साहित किया। श्री दुबे ने दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए अपनी क्षमता के अनुरूप इच्छित क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की।

साथ ही समाज के सभी वर्गो से दिव्यांग को सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जो जीवन मिला है उसे काटना नहीं है, बल्कि जिंदादिली से जीना है। मुश्किलों से मायूस न हों, लगातार संघर्ष करें, सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों ने जो प्रतिभा दिखाई है वह लाजवाब है। दिव्यांग बच्चों के प्रति समाज की सोच व रवैया सकारात्मक होना चाहिए। ये बच्चे किसी से कम नहीं हैं। बीएसी हितेंद्र सिंह ठाकुर, मीनाक्षी ठाकुर, मनीषा ठाकुर, अजय भारद्वाज, राकेश घोषी, लेखापाल अनीता कनौजिया, साक्षरता सह समन्वयक रमेश सोलंकी, भुवान सिंह सोलंकी ने यहां विभिन्न प्रतियोगिता कराते हुए व्यवस्था को संभाला। दिव्यांग विद्यार्थियों को लेकर कई शिक्षक और उनके अभिभावक भी कार्यक्रम में पहुंचे थे।

**इन दिव्यांग विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम**

दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग से सीएम राइज विद्यालय डही के छात्र मोक्ष और प्रावि चाकल्या के अल्पेश तथा बालिका वर्ग से कन्या उमावि डही की छात्रा दिव्या और शीतल चौंगढ़ प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। चेयर रेस में कन्या उमावि डही की छात्रा दिव्या प्रथम, प्राथमिक विद्यालय चाकल्या की छात्रा सोनाक्षी अलावा द्वितीय और मावि चाकल्या के छात्र संदीप प्रताप तृतीय स्थान पर रहे। नींबू रेस में मनमोहक चौहान प्रथम, सीमा अलावा द्वितीय, शीतल चौंगढ़ तृतीय स्थान पर रहे। जबकि रंगोली प्रतियोगिता में घणी चौहान प्रथम, सीमा अलावा द्वितीय स्थान पर रही। चित्रकला प्रतियोगिता में संदीप, मनमोहक चौहान, अल्पेश और कृष्ण पाल ने बाजी मारी।

### रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों के द्वारा 96 युवक एवं युवतियों का चयन हुआ




**बाग, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजिविका भवन बाग में सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 4 कंपनी द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजित रोजगार मेले मे जिला कार्यालय से जिला प्रबंधक सरोज पाटीदार उपस्थित हुए। साथ ही प्रतिभा सिंटेक्स पीथमपुर, महिमा फाइबर भिलगांव, एलआईसी मनावर, वजीर स्किल इंडिया इंदौर, ब्लॉक स्तरीय टीम भी उपस्थित रहे। मेले में सर्वप्रथम बेरोजगार युवाओं का पंजीयन किया गया, उन्हें शासन की विभिन्न रोजगार कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। तत्पश्चात कंपनियों के उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा युवक एवं युवतियों को योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। मेले में 122 बेरोजगार युवक एवं युवतियो के पंजीयन किया गया, उनमें से 96 युवक एवं युवतियों का चयन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रबंधक श्रीमती सरोज पाटीदार, ब्लाक प्रबंधक दिनेश डोडिया, सहायक प्रबंधक श्रीमती सीमा चौहान, श्रीमती भावना कटारे, रविन्द्र ठाकुर, सुनिल परमार, एवं समुह की दीदियां उपस्थित रहीं।

## विशेष संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण के संबंध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक कलेक्टर कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर डॉ बेडेकर ने बताया कि जिले में भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली विशेष संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।



इसके अंतर्गत 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक नए मतदाता बनने के लिए फार्म 6 , नाम हटाने के लिए फार्म 7 , एवं मतदाता सूची में संशोधन एवं वोटर कार्ड में बदलाव के लिए फार्म 8 भरे जा रहे है। उन्होंने कहा कि 29 अक्टूबर 2024 से आज दिनांक 26 -11-2024 तक अलीराजपुर विधानसभा क्रमांक 191 4 हजार 557 फार्म 6 , 736 फार्म 7 एवं 2 हजार 530 फार्म 8 प्राप्त हुए वही जोबट विधानसभा क्रमांक 192 में 6 हजार 106 फार्म 6 , 1 हजार 45 फार्म 7 एवं 2 हजार 149 फार्म 8। इस प्रकार कुल 17 हजार 123 आवेदन प्राप्त हुए है। इन दावे एवं आपत्तियों का निराकरण 24 दिसंबर 2024 तक कर 6 जनवरी 2025 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टर डॉ बेडेकर ने उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक नाम जुड़वाने एवं संशोधन के फार्म भरने के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित करें ताकि कोई भी 18 वर्ष से अधिक उम्र का नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहें। इस दौरान खुर्शीद अली दिवान, बालकृष्ण गुप्ता, अहमद दबुक, राजेन्द्र कुमार मोदी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि के रूप में एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियांशी भंवर एवं अनुविभागीय अधिकारी श्री तपीस पांडे समेत निर्वाचन से संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### समृद्ध इतिहास के साथ अतिथि सत्कार का साक्षी रहा है मांडू , जी-20 समूह के बाद आज यूरेशियन समूह के 200 डेलिगेट्स पहुंच रहे हैं

# मध्य एशियाई देशों के मेहमानों का सदियों पूर्व से मांडू में होता रहा है अतिथि सत्कार

सोमनाथ तिवारी

**मांडू। अपने समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक इतिहास के लिए दुनिया में प्रसिद्ध मांडू का आतिथ्य सत्कार में भी समृद्ध इतिहास है। मध्य एशियाई देशों के मेहमानों और व्यापारियों के अतिथि सत्कार का इतिहास मध्य युग से मांडू में चलता आ रहा है। आज फिर मध्य एशिया यूरेशियन समूह के दौरे से यहां का प्राचीन इतिहास जीवंत होगा।**


इस पर्यटन नगरी में विश्व की ख्यातनाम हस्तियों के साथ वैश्विक महत्व के समूहों का आना-जाना लगा रहता है। पिछले वर्ष भारत द्वारा आयोजित जी-20 सम्मेलन में दो बार मांडू को मेजबानी का मौका मिला जिससे विश्व पटल पर उसकी छवि और भी चमकी है। आज यूरेशियन समूह के विदेशी मेहमानों का स्वागत करने के लिए यह पर्यटन नगरी पलक पांवड़े बिछाए बैठी है। इस विषय में इतिहासकार विनायक साकल्ले ने विनय उजाला से विशेष चर्चा में बताया कि मांडू में उच्च स्तर की मेहमान नवाजी की परंपरा सदियों से रही है। इतिहासकार यजदानी की बुक सिटी ऑफ जय मांडू में उल्लेखित है कि मध्ययुग में खिलजी सुल्तान विदेशी मेहमानों का सत्कार करते थे। जहांगीर के समय तक यह दौर चलता रहा। मिस्त्र के खलीफा 15वीं शताब्दी में मांडू आए थे उसे दौरान महमूद खिलजी ने मांडू को दुल्हन की तरह सजाकर उन्हें अमूल्य रत्न भेंट किए थे।





**मांडू और मालवा सल्तनत के सदियों से रहे मध्य एशियाई देशों से मधुर संबंध**

विनायक ने आगे बताया कि मांडू और मालवा सल्तनत के संबंध मध्य एशियाई देशों से सदियों पूर्व से चले आ रहे हैं। दोनों के बीच व्यापारिक संबंध भी बेहद मजबूत थे। उस समय आने वाले मेहमानों को यहां सत्कार कर उपहार देने की परंपरा थी और विदेशी अतिथि भी अपने साथ वहां के उपहार लेकर आते रहते थे। ब्रिटिश काल में तत्कालीन वायसराय लॉर्ड कर्जन भी मांडू पहुंचे थे उन दिनों मांडू में 7 दिनों तक उत्सव मनाया गया था।





**इतिहास के झरोखे में**

- 1956 मैं तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू मांडू भ्रमण पर आए थे। इस दौरान उनकी बेटी इंदिरा गांधी और नाती संजय गांधी और शेख अब्दुल्ला साथ थे।
- 1962 मैं डॉक्टर राधाकृष्णन, 1971 में थल सेना अध्यक्ष जनरल मानिक,शाह यहां भ्रमण पर आए थे। के सुन्दर जीं वायु सेना अध्यक्ष भी माण्डू भ्रमण कर चुके है
- 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी मांडू आए थे। 1996 में पूर्व राष्ट्रपति तत्कालीन राज्यपाल शंकर दयाल शर्मा यहां भ्रमण कर चुके हैं।
- 1992 में तत्कालीन उपराष्ट्रपति के आर नारायणन और 2011 में तत्कालीन उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी मांडू दर्शन के लिए आए थे। 2003 में पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी मांडू आ चुके हैं।
- सार्क देशों के लोकसभा अध्यक्षों का समूह, जी 20 के डेलिगेट्स, एनआरआई सम्मेलन में कई विशिष्ट अतिथि, मांडू भ्रमण कर चुके हैं। इसके अलावा कई केंद्रीय नेता राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल ,विदेशी राजदूत यहां भ्रमण पर आए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अब प्रबंधक ओएंडएम द्वारा जारी किए जाएंगे ओवायटी सुपरविजन के कार्यादेश

**भोपाल, निप्र।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निर्णय लिया गया है कि स्वयं का ट्रांसफार्मर योजना (ओवायटी) के वर्क ऑर्डर सुपरविजन का कार्य प्रबंधक ओएंडएम द्वारा किया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्व में यह कार्य उप महाप्रबंधक (एसटीसी) द्वारा किया जाता था। नये निर्देशों के तहत ओवायटी कार्य के सुपरविजन का कार्यादेश प्रबंधक ओएंडएम को जारी किया जाएगा। सहायक प्रबंधक/प्रबंधक की अनुशंसा पर उप महाप्रबंधक ओएंडएम द्वारा कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इसके आधार पर कंपनी के नियमानुसार ट्रांसफार्मर की चार्जिंग की जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि सामग्री और कार्य की गुणवत्ता तथा उपभोक्ताओं को ओवायटी कनेक्शन त्वरित गति से मिलने की सहूलियत की दृष्टि से यह व्यवस्था लागू की गई है। नई व्यवस्था से उपभोक्ताओं के ओवायटी योजना में ट्रांसफार्मर स्थापना के कार्य त्वरित गति से होंगे। ओवायटी योजना अंतर्गत ट्रांसफार्मर लगाने के लिए कंपनी की ऑनलाइन व्यवस्था में आवेदक से प्राप्त आवेदन पर कंपनी के रजिस्टर्ड 'अ' श्रेणी के ठेकेदारों द्वारा कराया जाता है। ओवायटी लगाने की प्रक्रिया का सरलीकरण। अधिकारियों द्वारा कार्य का बेहतर सुपरविजन।

### मादा चीता निर्वा स्वस्थ है

**भोपाल, निप्र।** संचालक सिंह परियोजना शिवपुरी ने बताया कि कूनो अभयारण्य में मादा चीता निर्वा की रेडिओ टेलेमेट्री जानकारी के आधार पर निर्वा के डेन साइट से दूर होने पर वन्य-प्राणी चिकित्सकों के नेतृत्व में मॉनीटरिंग दल द्वारा डेन साइट का निरीक्षण किया गया। डेन साइट पर 2 नवजात चीता शावकों के शरीर क्षत-विक्षत रूप में मिले। संचालक सिंह परियोजना ने बताया कि बोमा के अंदर सभी संभावित स्थलों का निरीक्षण करने पर किसी भी अन्य चीता शावक के प्रमाण नहीं मिले। उन्होंने बताया कि मादा चीता निर्वा स्वस्थ है। चीता शावकों के शरीर से सैम्पल लेकर अग्रिम परीक्षण के लिये भेजा गया है। मृत्यु का कारण शव परीक्षण के उपरांत ज्ञात हो सकेगा। उन्होंने बताया कि कूनो में शेष सभी वयस्क चीता एवं 12 शावक स्वस्थ हैं।

### मुख्यमंत्री ने पत्रकार श्यामाकांत दुबे के निधन पर किया दुख व्यक्त

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमर उजाला, नोएडा में कार्यरत अखबार के मध्यप्रदेश संस्करण के संपादकीय सलाहकार श्यामाकांत दुबे के निधन पर दुख व्यक्त किया है। श्यामाकांत दुबे का कल हृदयाघात से निधन हुआ।

# नर्सरियों को सेल्फ सेन्सटेविल थीम पर विकसित किया जाए : उद्यानिकी मंत्री कुशवाह

### सकल घरेलू उत्पादन में उद्यानिकी की 11.37 प्रतिशत भागीदारी

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश में उद्यानिकी विभाग द्वारा विकसित की जा रही हाईटेक नर्सरियों को सेल्फ सेन्सटेविल मॉडल पर विकसित किया जाये। यह निर्देश उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिये।

मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि प्रदेश में उद्यानिकी फसलों की विपुल संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कृषकजन को उन्नत बीज के स्थान पर उन्नत किस्म के पौधे उपलब्ध कराये जाना चाहिये। नर्सरियों को आत्म-निर्भर बनाने के लिये आय के आधार पर प्रत्येक नर्सरी को एक रिवाल्विंग फण्ड दिया जाना चाहिये, जिससे वह अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा कर सके। बैठक में संचालक उद्यानिकी श्री बी.एस. सिंह, प्रबंध संचालक एम.पी. एग्रो श्री दिलीप कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि के सकल घरेलू उत्पाद में प्रदेश की उद्यानिकी फसलों की भागीदारी 11.37 प्रतिशत है। इसको बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। इसके लिए किसानों को उद्यानिकी फसलों के लिये प्रेरित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि विभाग की फ्लेगशिप स्कीम हाईटेक नर्सरी विकास की नियमित मॉनीटरिंग वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाये। मंत्री श्री कुशवाह ने निर्देश दिये कि एम.पी. एग्रो से गेंदे के साथ-साथ अन्य पुष्प कच्ची गुलदावदी, गिलार्डिया, एस्टर की भी दरें निर्धारित की जायें। उन्होंने ग्वालियर जिले के खुरेरी ग्राम में विकसित की जा रही हाईटेक फ्लोरी कल्चर नर्सरी का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाये। उन्होंने ग्वालियर व्यापार मेले में खाद्य प्र-संस्करण पर आधारित प्रदर्शनी लगाने के निर्देश भी दिये हैं। मंत्री श्री कुशवाह ने उद्यानिकी फसल उत्पादन के अनुसार जिले में खाद्य प्र-संस्करण यूनिट स्थापना का मॉडल विकसित करने के निर्देश भी दिये।




# म.प्र. पर्यटन को मिला 'बेस्ट टूरिज्म स्टेट ऑफ द ईयर'

### ट्रेवल एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव एंड अवार्ड्स में मिला सम्मान

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग को नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित ट्रेवल एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव एंड अवार्ड्स में 'बेस्ट टूरिज्म स्टेट ऑफ द ईयर' से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान पर्यटन क्षेत्र में प्रदेश द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों और उपलब्धियों का प्रमाण है। प्रदेश की अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, और विश्व स्तरीय पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार के लिये पर्यटन विभाग द्वारा नवाचार किये जा रहे हैं। विभाग द्वारा पर्यटन स्थलों पर आधारभूत संचरना, कनेक्टिविटी में सुधार, स्थानीय समुदाय के लिये रोजगार के नए अवसर सृजित किये जा रहे है। इससे मध्यप्रदेश देश-विदेश के पर्यटकों का पसंदीदा गंतव्य स्थान बन गया है। प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति विभाग एवं प्रबंध संचालक म.प्र. टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान प्रदेश में पर्यटकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करने के लिये हमारे प्रयासों को और गति प्रदान करेगा। मध्यप्रदेश को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक समृद्ध बनाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# सुभाष उत्कृष्ट स्कूल में हुई वेस्ट जोन इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता

### बालक वर्ग में राजस्थान और महाराष्ट्र बने विजेता

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट स्कूल में आज पश्चिम क्षेत्रीय (वेस्ट जोन) की इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता का शुभारंभ आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने खुले आकाश में गुब्बारे छोड़कर किया।**

बालक वर्ग की प्रतियोगिता में वेस्ट जोन के 6 राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र गोवा एवं केन्द्र शासित प्रदेश दमन-दीव और दादर नगर हवेली के बालक वर्ग के विजेता प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता में 240 बालकों ने पाइप बैंड एवं ब्रास बैंड विधा में शानदार प्रस्तुतियां दी। आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि स्कूली बच्चों की बैंड की शानदार प्रस्तुतियों से मध्यप्रदेश के अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का समग्र विकास हो। इसके लिये जरूरी है कि बच्चे पढ़ाई के साथ अन्य रचनात्मक गतिविधियों से भी जुडें। लोक शिक्षण आयुक्त ने अन्य राज्यों से आये प्रतिभागी विद्यार्थियों और अधिकारियों का राजधानी भोपाल में स्वागत किया।

प्रतियोगिता में ब्रास बैंड विधा में प्रथम स्थान पर राजस्थान की टीम रही। वहीं द्वितीय स्थान महाराष्ट्र की टीम ने तथा तृतीय स्थान मध्यप्रदेश की टीम ने प्राप्त किया। पाइप बैंड विधा में महाराष्ट्र




प्रथम, मध्यप्रदेश द्वितीय और गुजरात की टीम तृतीय स्थान पर रहीं। संचालक लोक शिक्षण श्री डी.एस. कुशवाह ने विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किये। उल्लेखनीय है कि पश्चिम क्षेत्रीय इस प्रतियोगिता में पाइप बैंड एवं ब्रास बैंड विधा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिका और बालक वर्ग की चारों टीमें गणतंत्र दिवस-2025 के उपलक्ष्य में राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में 24 एवं 25 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में सहभागिता करेगी। बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में 25 नवम्बर को ब्रास बैंड विधा में मध्यप्रदेश की और पाइप बैंड विधा में महाराष्ट्र राज्य की टीमें प्रथम स्थान पर रही थीं। इनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हो चुका हैं। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में पचमढ़ी स्थित सैन्य अकादमी बैंड विंग के श्री संदीप चौहान, श्री काजल मंडल, श्री रोजित कुमार एवं सशस्त्र सीमा बल चंदुखेड़ी के श्री रवि दास, श्री समाधान देओरे और शमूएल टर्रा ने विजेता टीमों का लयबद्धता, पोशाख, टीमवर्क और अनुशासन के आधार पर मूल्यांकन किया। समापन एवं पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम में लोक शिक्षण संचालनालय के अपर संचालकद्वय श्री संजय कुमार, श्री राजीव तोमर, संयुक्त संचालक भोपाल संभाग श्री अरविंद चौरागढे, सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री सुधाकर पराशर, प्रतियोगिता की नोडल अधिकारी श्रीमती अर्चना अली एवं अन्य अधिकारी बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# बगैर परीक्षा दिए बन गए पुलिस कांस्टेबल, सीबीआई कोर्ट ने 7 आरोपियों को सजा सुनाई

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश के बहुचर्चित व्यापमं फर्जीवाड़ा मामले में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस आरक्षक भर्ती मामले में सीबीआई की विशेष न्यायालय ने सजा सुनाते हुए सात आरोपियों को 7-7 साल के कारावास के साथ-साथ 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

इस पूरे मामले में एसटीएफ ने मध्य प्रदेश पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा साल 2013 के मामले में 16 मई 2015 में चालान पेश किया था। बता दें कि कोर्ट ने 61 गवाहों, 300 दस्तावेजों और आर्टिकल्स आधार पर तीन आरोपियों विवेक त्यागी, चरण सिंह सिकरवार तथा सुनील रावत तथा 5 प्रतिरूपकों संदीप नायक, बृजेन्द्र सिंह रावत, श्रीनिवास सिंघल तथा हरिओम रावत को सजा सुनाई है। सभी को न्यायालय ने सात-सात वर्ष के कारावास तथा दस-दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। मध्यप्रदेश व्यावसायिक मंडल ने 7 अप्रैल 2013 को पुलिस विभाग के लिए आरक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। इस परीक्षा में विवेक त्यागी, चरण सिंह सिकरवार और सुनील रावत ने साल्वर बैठाए थे। फिजिकल टेस्ट भी इन्हीं लोगों की मदद से पास कर सभी कांस्टेबल बन गए थे। अब सीबीआई कोर्ट ने आरोपियों को सात साल सजा के साथ 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

# कायस्थ समाज के बच्चों के लिए मेहंदी, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता में प्रविष्टि की अंतिम तिथि अब 5 दिसंबर

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** कायस्थ समाज के बच्चों के प्रोत्साहन एवं उनकी प्रतिभा के विकास हेतु कायस्थम संस्था भोपाल आगामी रविवार,15 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से मेहंदी, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। ये प्रतियोगिताएं कायस्थ समारोह 2025 के तहत होंगी। 17 जनवरी में आयोजित कायस्थ समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कारों का वितरण होगा। तीनों प्रतियोगिता नि:शुल्क रहेगी प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 5 दिसंबर कर दी गई है।

मेहंदी प्रतियोगिता में दो आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। पहला वर्ग 15 वर्ष से कम आयु वालों का तथा दूसरा वर्ग 15 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए रहेगा। प्रतियोगिता का समय 1 घंटा रहेगा। प्रतिभागी को मेहंदी का कोन स्वयं लाना होगा। ड्राइंग कॉम्पीटिशन तीन आयु वर्ग के लिए होगा। इनमें 5 वर्ष से 8 वर्ष , 8 वर्ष से 12 वर्ष तथा 13 वर्ष से 18 वर्ष तक के आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता का समय 1 घंटा 30 मिनिट रहेगा तथा ड्राइंग शीट संस्था की ओर से दी जायेगी। प्रतियोगिता में कलर (वॉटर कलर) प्रतिभागी को स्वयं लेकर आना होगा। ड्राइंग प्रतियोगिता का विषय - हमारा भोपाल, स्वच्छ भोपाल रहेगा। इसी तरह दो आयु वर्ग के लिए निबंध प्रतियोगिता भी होगी। पहला आयु वर्ग 10 वर्ष से 15 वर्ष का होगा। जिनके लिए निबंध की शब्द सीमा (250 शब्द) तथा दूसरा आयु वर्ग 15 से 18 वर्ष तक के लिए रहेगा। इस वर्ग में निबंध लेखन के लिए शब्द सीमा (350 शब्द) और समय 1 घंटा का रहेगा। प्रतिभागी को निबंध के लिए कॉपी संस्था की ओर से दी जायेगी।

निबंध प्रतियोगिता का विषय-देश का गौरव-कायस्थ समाज रहेगा। निबंध की भाषा हिंदी अथवा अंग्रेजी रहेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को आवश्यक जानकारी जिसमें उसका एवं माता-पिता का नाम, आधार कार्ड की जानकारी देना होगी। साथ ही स्कूल का आई .डी .कार्ड की प्रति भी देना होगी। प्रतियोगिता के दौरान मोबाइल फोन वर्जित रहेगा। एक प्रतिभागी एक से अधिक प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेगा। प्रतिभागी को प्रतियोगिता से 30 मिनिट पहले उपस्थित होकर पंजीयन कराना अनिवार्य रहेगा। प्रतिभागी अपनी एंट्री आयोजन स्थल अथवा मोबाइल नंबर 9425438755, 9479518079, 9303132273, 9893813282 के वाट्सएप पर भी दे सकेंगे। प्रतियोगिताएं भोपाल हॉट एवं डीबी मॉल के पीछे स्थित 9 मसाला के उद्यान में होगी। प्रतियोगिता संबंधी अन्य जानकारी के लिए उपरोक्त मोबाइल नंबरों पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# शासकीय अशासकीय शालाओं में इस वर्ष 16 दिसम्बर से होगा अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन

### स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश की शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में इस वर्ष 16 दिसम्बर से अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन किया जायेगा। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

यह अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन कक्षा 3 से 8 की सभी शासकीय शालाओं, अशासकीय शालाओं के साथ मदरसों में भी होगा। अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन 16 से 21 दिसम्बर की अवधि में किया जायेगा। अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन 30 नवम्बर 2024 तक पढ़ाये गये पाठ्यक्रम के अनुसार किया जायेगा। मूल्यांकन के लिये प्रश्न पत्र राज्य शिक्षा केन्द्र तैयार कर रहा है। कक्षा 5 और 8 के विषयवार प्राप्त अंकों की प्रविष्टि परीक्षा पोर्टल पर की जायेगी। अधिभार की गणना शाला द्वारा नहीं की जायेगी। यह गणना सॉफ्टवेयर में स्वतः ही हो जायेगी। इस संबंध में विस्तृत निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर अपलोड कर दिये गये हैं। कक्षा 5 और 8 के बच्चों की पंजीकरण की व्यवस्था ऑनलाइन पोर्टल rskmp.in पर की गई है।

#### अतिरिक्त अतिथि शिक्षकों को रिलीव करने संबंधी निर्देश

स्कूल शिक्षा विभाग ने GFMS पोर्टल पर पूर्व से कार्यरत अतिरिक्त अतिथि शिक्षकों को रिलीव करने के संबंध में प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। निर्देश में बताया गया है कि शासकीय शालाओं में नवीन भर्ती से शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। इसके साथ ही उच्च पद प्रभार से भी शिक्षक पदस्थ किये गये हैं। इस कारण स्वीकृत पद के विरूद्ध रिक्त पद उपलब्ध न होने पर संबंधित विषय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को रिलीव किया जाना होगा। इस संदर्भ में एक ही विषय में एक से अधिक अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं तथा रिक्त पद एक ही है, तो अतिथि शिक्षक को रिलीव करने की कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर प्रदर्शित किये गये है।

# शिवपुरी की घटना पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

### 4 आरोपी हिरासत में, मृतक के परिजन को 4 लाख की सहायता

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिवपुरी जिले के ग्राम इंदरगढ़ में जल कनेक्शन को लेकर दो पक्षों में हुए आपसी विवाद में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। घटना में मृतक नारद जाटव के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को घटना स्थल पर पहुँच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अशांति फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। मध्यप्रदेश में क्रूरता एवं अराजकता के लिए कोई स्थान नहीं है। उल्लेखनीय है कि शिवपुरी जिले के ग्राम इंदरगढ़ में दो पक्षों में जल कलेक्शन को लेकर हुए विवाद में नारद जाटव को गंभीर चोटें आई थीं, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा 8 आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है, जिसमें से 4 आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है।

### भाभी से दुष्कर्म कर पति की हत्या की धमकी दी

**भोपाल, निप्र।** भोपाल के छोला मंदिर इलाके में रिश्ते के देवर ने भाभी को घर में अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने महिला को धमकी दी कि वह उसके पति को जान से मार देगा। धमकी के डर से महिला चुप रही, लेकिन जब आरोपी ने फिर से शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालना शुरू किया, तो महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के बताया कि 28 वर्षीय महिला छोला मंदिर इलाके में रहती है। महिला का पति प्राइवेट नौकरी करता है। वह रोजाना सुबह 9 बजे ऑफिस जाता है और शाम 7 बजे लौटता है। 20 नवंबर को, पति के ऑफिस जाने के बाद दोपहर में रिश्ते का देवर घर आया। चूंकि वह पास में ही रहता था, इसलिए उसकी महिला से बातचीत होती रहती थी। महिला ने जब दरवाजा खोला, तो युवक अंदर घुस गया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। इसके बाद युवक ने महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया और घटना के बाद धमकी दी कि अगर उसने किसी को बताया, तो वह उसके पति को जान से मार देगा। इस धमकी से डरकर महिला ने यह बात किसी को नहीं बताई। आरोपी ने महिला की चुप्पी का फायदा उठाते हुए उस पर फिर से शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालना शुरू कर दिया। इससे परेशान होकर महिला ने अपने पति को पूरी घटना के बारे में बताया और थाने में जाकर शिकायत दर्ज करवाई।

# बाघ के रेस्क्यू में जुटी टाइगर रिजर्व की टीम

### 4 हाथी दल और 3 परिक्षेत्र की टीम निगरानी में जुटी

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उमरिया जिले के बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघ के गले में फंदे की जानकारी मिलने के बाद टाइगर रिजर्व टीम रेस्क्यू में जुटी हुई है। सोमवार को पर्यटन के दौरान पर्यटकों को हितौली जोन के डमडमा नाले के पास बाघ दिखायी दिया था। पर्यटकों ने बाघ के फोटो और वीडियो भी बनाये। फोटो में बाघ



के गले में तार जैसा दिखायी दिया। जानकारी मिलने के बाद टाइगर रिजर्व प्रबंधन बाघ के रेस्क्यू की तैयारी में जुट गया। सोमवार की शाम से ही रेस्क्यू टीम बाघ की तलाश कर रही है। मंगलवार को बाघ की तलाश में दो हाथियों और कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगाया गया, लेकिन बाघ लगातार अपनी मूवमेंट बदलता रहा और उसके घने जंगल में चले जाने से रेस्क्यू नहीं किया जा सका। अब बाघ की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन बुधवार से शुरू किया जायेगा। रेस्क्यू टीम ने जंगल में सर्चिंग शुरू कर दी है। बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक श्री पी.के. वर्मा ने बताया कि बाघ के रेस्क्यू के लिये खितौली जोन के कुछ एरिया में पर्यटन को बंद कर दिया गया है। गले में फंदा लगा बाघ स्वस्थ होने के कारण लगातार अपनी मूवमेंट बदल रहा है। उन्होंने बताया कि 4 हाथी दल और 3 परिक्षेत्र की टीम इसकी निगरानी में लगे हुए हैं। जल्द ही बाघ को रेस्क्यू कर लिया जायेगा।

### पचमढ़ी में शिमला-मसूरी से भी ज्यादा पड़ रही सर्दी

# मप्र में पहाड़ों की बर्फबारी ने बढ़ाई ठिठुरन, जम्मू-देहरादून से भी ठंडे भोपाल-जबलपुर

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई शहरों में तेज सर्दी का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश में इस बार नवंबर महीने में सर्दी ने कई साल का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। भोपाल में 25 साल में यह नवंबर सबसे ठंडा है। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत सभी शहरों में तापमान सामान्य से नीचे ही चल रहा है।**

मौसम विभाग ने बताया कि पहाड़ों पर बर्फबारी होने से प्रदेश के शहर ठिठुर रहे हैं। भोपाल और जबलपुर शहर तो ठंडे हैं ही पचमढ़ी में शिमला-मसूरी से भी ज्यादा सर्दी पड़ रही है। मौसम विभाग ने भोपाल और जबलपुर में अगले 3 से 4 दिन तक रात का तापमान 10 डिग्री रहने का अनुमान जताया है।

मौसम वैज्ञानिक शिल्पा आप्टे ने बताया कि नवंबर के आखिरी दिनों में भी ठंड का असर रहेगा। वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर खत्म होने से ग्वालियर-चंबल में बारिश होने की संभावना नहीं है। बता दें, नवंबर महीने में प्रदेश में बारिश का ट्रेंड भी रहा है। आप्टे ने बताया कि, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल



प्रदेश और लद्दाख में बर्फबारी हो रही है। इस वजह से जेट स्ट्रीम यानी सर्द हवाओं की रफ्तार ज्यादा है। पश्चिम-उत्तर भारत के ऊपर यह 12.6 किमी की ऊंचाई पर 260 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही है। इस वजह से प्रदेश में सर्द हवाओं का असर है। इससे दिन में भी ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम विभाग ने बताया कि भोपाल, जबलपुर शहर जम्मू, कटरा-देहरादून से ठंडे रहे। जबकि पचमढ़ी बाकी शहरों से भी सर्द दर्ज किया गया। प्रदेश में मंगलवार को दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। भोपाल, इंदौर, पचमढ़ी, नर्मदापुरम, ग्वालियर, गुना, सतना, जबलपुर समेत कई शहरों में अधिकतम तापमान में गिरावट देखने को मिली। पचमढ़ी में पारा 23.4 डिग्री, बालाघाट के मलाजखंड में तापमान 24.2 डिग्री रहा। भोपाल-इंदौर में 27.5 डिग्री, ग्वालियर में 28.4 डिग्री, उज्जैन में 28.8 डिग्री और जबलपुर में 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले सोमवार-मंगलवार की रात में पचमढ़ी में पारा सबसे कम 5.6 डिग्री, शहडोल के कल्याणपुर में 7.3 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं, भोपाल, जबलपुर, मंडला, उमरिया, नौगांव और राजगढ़ में पारा 10 डिग्री के नीचे रहा था। वहीं, मलाजखंड, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, बैतूल, खंडवा, खरगोन, टीकमगढ़, रायसेन, गुना और सतना में तापमान 12 डिग्री के नीचे रहा था।

# सम्पादकीय

## स्मॉग का खतरनाक रूप

भारत अब दुनिया प्रति वर्ष सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाला देश बन गया है। भारत का उत्सर्जन चीन की तुलना में 22 गुना तेजी से बढ़ रहा है। इस वर्ष भारत के उत्सर्जन में 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है ।राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित देश के कई इलाकों में स्मॉग ने खतरनाक रूप अपना रखा है। अब यह हर साल की कहानी हो गई है- इस सीजन में धुंध और हवा में मौजूद प्रदूषक तत्वों से बना स्मॉग वातावरण पर छा जाता है ।जब यह हो जाता (या होने लगता) है, तब सरकारें और न्यायपालिका सब सक्रिय होती हैं। जब माहौल गुजर जाता है, तो सब भूल जाते हैं। इस सीजन में खासकर पंजाब के किसानों को खूब कोसा जाता है ।उनके पराली जलाने को राजधानी वासियों की मुसीबत का मुख्य कारण बताकर समस्या की असल वजहों को चर्चा से बाहर रखने में कामयाबी पा ली जाती है। मगर अजरबैजान के बाकू में चल रहे संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के मौके पर जारी दो रिपोर्टों पर ध्यान दीजिए। एक रिपोर्ट ग्लोबल कार्बन बजट प्रोजेक्ट नाम की संस्था है और दूसरी अमेरिका के ऊर्जा सूचना प्रशासन (ईआईए) की ।दोनों में शामिल आंकड़ों का निष्कर्ष है कि भारत अब दुनिया प्रति वर्ष सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाला देश बन गया है। भारत का उत्सर्जन चीन की तुलना में 22 गुना तेजी से बढ़ रहा है। इस वर्ष भारत के उत्सर्जन में 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है ।चीन में वृद्धि महज 0.2 प्रतिशत रहेगी, जबकि अमेरिका में 0.6 प्रतिशत की गिरावट आएगी। पूरे विश्व के उत्सर्जन में 1.1 फीसदी बढ़ोतरी होगी ।सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में भारत में बढ़ोतरी 6.5 प्रतिशत और चीन में 4.5 प्रतिशत रहेगी। भारत में इस साल पेट्रोलियम की मांग 280 प्रतिशत बढने का अनुमान है। चीन के लिए यह आंकड़ा 90 प्रतिशत और अमेरिका के लिए 40 प्रतिशत है ।तात्पर्य यह कि भारत में जलवायु का बिना कोई ख्याल किए कार्बन उत्सर्जन को अनियंत्रित बनाए रखा जा रहा है। पिछले दस साल में पर्यावरण मानदंडों के पालन संबंधी नियमों में जिस तेजी से ढील दी गई है, उस पर गौर करें, तो ये बात और साफ हो जाती है ।स्पष्टतः अपने देश में यह समझ बनाने का कोई प्रयास नहीं है कि पर्यावरण रक्षा अपने लिए है, ना कि यह दुनिया पर कोई एहसान है।

### सभी जीवन से प्यार करते हैं

जीवन केवल जीने के लिए नहीं है,
बल्कि प्राप्त करने और देने के लिए है।
सूनिश्चित करें आप इसका पूर्ण उपयोग करें।
जीवन केवल दुखों या खुशियों से भरा नहीं है,
ना ही यह मोमबत्ती और खिलौनों से बना है।
सूनिश्चित करें आप इसका पूर्ण उपयोग करें, हारे न माने।
यदि आप हारते हैं तो आपके पास चुनने के लिए कई रास्ते हैं।
और आप हर बार जितना स्वीकार नहीं कर सकते
क्योंकि,
कभी-कभी हारना भी पड़ता है।
जीवन एक व्यापक खेल है,
यदि आप इसका आनंद नहीं लेते तो यह शर्म की बात है।
कभी-कभी आप की जीत जाते हैं ; तो कभी-कभी आप हार जाते हैं।
लेकिन याद रखें जीवन एक शानदार उपहार है।



**मिताली दास**
**शिक्षिका भवन्स त्रिपुरा विद्या मंदिर अगरतला, त्रिपुरा**

### अभिजीत कुशवाह का बेसिक पर्वतारोहण शिविर हेतु चयन



**महू (विनय उजाला)।** भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू की 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर के कैडेट अभिजीत कुशवाह का बेसिक पर्वतारोहण शिविर हेतु चयन किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा एवं 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर के कमान अधिकारी कर्नल एम के तिवारी ने बताया कि कैडेट अभिजीत कुशवाह का चयन एनसीसी ग्रुप इंदौर की ओर से बेसिक पर्वतारोहण शिविर जूनागढ़ गुजरात के लिए किया गया है ।यह शिविर 28 नवंबर से 7 दिसंबर 2024 तक जूनागढ़ गुजरात में आयोजित किया गया है, जहां कैडेट अभिजीत कुशवाह को पर्वतारोहण का बेसिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैडेट अभिषेक कुशवाह के चयन पर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा,कर्नल एम के तिवारी,महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. संजय सोहनी,कैप्टन डॉ. कृष्णा भूरिया ,सूबेदार मेजर बृजेश कुमार एवं समस्त स्टाफ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**अगर ट्रंप के इस आरोप को गौर से देखा जाए तो उन्होंने चीन पर 10 फीसदी का जो टैरिफ लगाने की बात कही है, वह इसी बिना पर लगाया है कि चीन से मादक पदार्थों की आवक कम नहीं हो रही। मतलब यह कि अगर चीन ऐसी व्यवस्था करता है कि फेंटानिल जैसे मादक पदार्थ अमरीका नहीं पहुंचते तो ट्रंप इस लगाये गये टैरिफ को खत्म भी कर सकते हैं।**

# ट्रम्प ने की कारोबारी जंग का ऐलान भारत के लिए क्या हैं इसके मायने ?

वीना गौतम





कारोबारी जंग को लेकर जैसे कि आशंका थी,आखिरकार अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उसे वाइट हाउस पहुंचने के पहले ही जुबान दे दी है। उन्होंने न सिर्फ चीन से आने वाली सभी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत बल्कि कनाडा तथा मैक्सिको से आने वाली वस्तुओं पर तो 25 प्रतिशत शुल्क का ऐलान कर दिया है। इस पर तिलमिलाए चीन की त्वरित प्रतिक्रिया उसके अमरीका स्थित दूतावास की तरफ से आयी है। चीनी दूतावास के प्रवक्ता लिउ पेंग्यू ने अपने जारी एक बयान में कहा कि हमारा मानना है कि दोनों देशों के आर्थिक संबंध और व्यापारिक सहयोग आपसी हितों पर आधारित हैं।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने गुजरे 25 नवंबर 2024 को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ' पर साझा कई पोस्ट में कहा कि 20 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के साथ ही वे सबसे पहला काम कनाडा, चीन और मैक्सिको से आने वाले सामान पर टैरिफ लगाने का ही करेंगे। ट्रंप ने लिखा है कि हजारों लोग मैक्सिको और कनाडा से अमेरिका में दाखिल हो रहे हैं और वे अपने साथ ड्रग्स तथा अपराध लेकर आ रहे हैं। कनाडा और मैक्सिको चाहें तो इन अवैध अप्रवासियों को रोक सकते हैं और उनके पास ऐसा करने की शक्ति भी है। इसलिए कनाडा और मैक्सिको से आने वाले उत्पादों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा और जब तक कनाडा और मैक्सिको, अमेरिका में उनकी सीमा से आ रहे अवैध अप्रवासियों को नहीं रोकते, तब तक उन्हें यह भारी-भरकम टैरिफ देना होगा।

हालांकि अभी तक कनाडा और मैक्सिको की ऐसी प्रतिक्रिया नहीं आयी, जिसका व्यापक अर्थ लगाया जाए, लेकिन चीन, राष्ट्रपति ट्रंप की इस पोस्ट से काफी तिलमिला गया है और उसने अब तक तीन अलग अलग मंचों पर इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर चुका है। अमेरिका स्थित चीनी दूतावास के प्रवक्ता के बाद, 26 नवंबर 2024 को चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ट्रंप की ड्रग्स संबंधी आरोप पर टिप्पणी की, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'चीन समानता, पारस्परिक लाभ और सम्मान के आधार पर अमेरिका के साथ मादक पदार्थ निषेध सहयोग जारी रखना चाहता है। इसलिए अमरीका को चीन की सदिच्छा मूल्यवान समझकर मादक पदार्थ निषेध सहयोग में बड़ी कोशिशों के बाद हासिल अच्छी स्थिति को बनाये रखना चाहिए।'

मालूम हो कि अमरीका के निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा था कि चीन के साथ फेंटानिल आदि मादक पदार्थों पर वार्ता हुई, लेकिन कोई प्रगति नहीं हुई। अमरीका में बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ इसके बाद भी आये। अगर ट्रंप के इस आरोप को गौर से देखा जाए तो उन्होंने चीन पर 10 फीसदी का जो टैरिफ लगाने की बात कही है, वह इसी बिना पर लगाया है कि चीन से मादक पदार्थों की आवक कम नहीं हो रही। मतलब यह कि अगर चीन ऐसी व्यवस्था करता है कि फेंटानिल जैसे मादक पदार्थ अमरीका नहीं पहुंचते तो ट्रंप इस लगाये गये टैरिफ को खत्म भी कर सकते हैं। हालांकि इसे एक सोशल मीडिया टिप्पणी की वजह से भले अतिरिक्त टैरिफ लगाये जाने का बहाना माना जाए, लेकिन अगर राष्ट्रपति ट्रंप के पिछले कार्यकाल को देखें तो साफ होता है कि वह अपने पहले कार्यकाल में भी चीन के साथ ट्रेड वार का न केवल ऐलान किया था बल्कि उसे शुरु भी कर दिया था। शायद यही वजह है कि साल 2018 के बाद से अमरीका के बाजार में चीन का निर्यात लगातार कम हो रहा है। हालांकि अब भी यह बहुत ज्यादा है।

साल 2024 के अब तक के कारोबार को देखें तो इस साल के पहले चार महीनों के दौरान ही अमरीका और चीन दोनो का आपसी कारोबार 203.45 बिलियन डॉलर का था। चीन ने इस दौरान अमेरिका को लगभग 1.08 ट्रिलियन युआन मूल्य का निर्यात किया है, जबकि इस बीच अमेरिका से आयात में 2.5 फीसदी की गिरावट आयी है। अमरीका का चीन के साथ व्यापार घाटा 692.41 बिलियन युआन तक पहुंच गया है। जबकि अमरीका और भारत का कुल सालाना कारोबार भी अभी तक 200 बिलियन डॉलर नहीं पहुंचा। हालांकि अमरीका और भारत के बीच लगातार आपसी कारोबार बढ़ रहा है। लेकिन अगर अमरीका के 20 जनवरी 2025 के 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाये जाने से चीन के निर्यात में कुछ कमी भी आती है, तो भारत को इसका भरपूर फायदा मिलना बहुत तय नहीं है। क्योंकि हमारे निर्यात में कई बड़ी दिक्कतें आ रही हैं। इसमें सबसे बड़ी दिक्कत लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर भारत अपने लॉजिस्टिक्स के प्रदर्शन में सुधार कर ले, तो न सिर्फ अमरीका के साथ 10 से 12 फीसदी सालाना व्यापार बढ़ सकता है बल्कि हमारे ओवर आल वैश्विक कारोबार में भी बढ़ोत्तरी होगी। अगर भारत अपनी लॉजिस्टिक्स लागत को एशियान देशों के स्तर तक ले आए तो अमरीका के साथ हमारे द्विपक्षीय कारोबार में 25 से 30 फीसदी तक की भी बढ़त हो सकती है यानी मौजूदा कारोबार के अतिरिक्त 50 से 60 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त कारोबार की सुखद राह खुल सकती है। हमें जिन क्षेत्रों में अमरीका सहित दुनिया के दूसरे देशों के साथ कारोबार में तुरंत से और बेहतर हो सकता है। ये क्षेत्र हैं- फार्मास्युटिक्लस और टैक्सटाइल, एग्रीकल्चर और फूड प्रोसेसिंग, इस सेक्टर में भारत अमरीका को तेजी से और ज्यादा कुशल सामान भेज सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आटो पार्ट्स के क्षेत्र में भी हमारी पहुंच बढ़ सकती है। इसलिए अगर वाकई इस मौके का फायदा हमें बातों की बजाय हकीकत में उठाना है तो हमें अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को जल्द से जल्द अपग्रेड करना चाहिए। विशेषकर बंदरगाहों, रेलवे और सड़कों के इंफ्रास्ट्रक्चर में हमें वैश्विक स्तर की सुविधाएं मुहैय्या करानी चाहिए और लॉजिस्टिक तथा सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सरल व तेज बनाना चाहिए। यह तभी संभव होगा, जब हमारा डिजिटल सिस्टम और तीव्र तथा और प्रभावी होगा।

ग्लोबल लॉजिस्टिक्स इंडेक्स में भारत अभी 38वें स्थान पर है और उसे 20 तक लाने में हमारे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में जबर्दस्त उछाल आ सकता है। हालांकि भारत ने हाल ही में प्रोडेक्शन लिंक्ड इंसेंटिव जैसी स्कीम के तहत मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में बढ़ोत्तरी देखी है। लेकिन इस बढ़ोत्तरी को ठोस और वैश्विक पैमाने वाली लॉजिस्टिक्स के जरिये स्थायी बनाया जा सकता है और तब हमें नि:संदेह चीन के साथ अमेरिका की कारोबारी जंग का फायदा मिल सकता है। अभी तो इस बारे में सोचना एक तरह से दूर की कोड़ी ही है। हां, यह जरूर है कि अमरीका में ट्रंप के आने से भारत के पक्ष में अप्रत्यक्ष रूप से एक माहौल बन रहा है, लेकिन हमें यह भी याद रखना चाहिए कि ट्रंप काफी मूडी शख्स हैं। उनके पॉलिटिकल एप्रोज को स्थायी नहीं माना जा सकता।

बहरहाल ट्रंप के आने से भारत के लिए अमरीका में फिलहाल तो कारोबारी स्थितियां सकारात्मकता की तरफ बढ़ती दिख रही हैं। लेकिन जब वह अवैध अप्रवासियों को डि-पोर्ट करने की अपनी घोषणा पर अमल करेंगे तो इसका शायद सबसे ज्यादा खामियाजा हमें ही भुगतना पड़ेगा।

**(लेखिका विशिष्ट मीडिया एवं शोध संस्थान, इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर में कार्यकारी संपादक हैं)**

# पितरों की पूजा के लिए समर्पित : मार्गशीर्ष अमावस्या

आर. सी. शर्मा

मार्गशीर्ष अमावस्या जिसे पितृ अमावस्या भी कहते हैंए पितरों की पूजा के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस दिन पितरों की पूजाए तर्पणए स्नान और दान का विधान है। इस दिन पूजा करने से पितृ विशेष रूप से खुश रहते हैं। इस दिन पितृदोष शांत करने के लिए भी पूजन और व्रत किया जाता है। गंगा स्नान का जो महत्व गंगा दशहरा के दिन होता हैए गंगा स्नान का वही महत्व मार्गशीर्ष या अगहन की अमावस्या के दिन भी होता है।

यही वजह है कि मार्गशीर्ष अमावस्या को धार्मिक कार्यों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। हिंदू पंचांग के मुताबिक इस साल 30 नवंबर 2024 को सुबह 10 बजकर 29 मिनट से मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या शुरु होगी और 1 दिसंबर 2024 को 11 बजकर 50 मिनट पर समाप्त होगी। अत: उदयातिथि के नियम के मुताबिक इस साल यह अमावस्या 1 दिसंबर को मनायी जायेगी। मार्गशीर्ष अमावस्या के दिन चंद्रमा की पूजा करने से हर तरह की इच्छा पूरी होती है। हालांकि इस दिन चंद्रमा पूरी रात गायब रहता है। साथ ही इस दिन देवी लक्ष्मी का भी पूजन किया जाता है। मार्गशीर्ष अमावस्या के दिन जो लोग व्रत रखेंए उन्हें पूरा दिन धार्मिक क्रियाकलापों में गुजारना चाहिए।

इस दिन बुरे कार्यों से दूर रहना चाहिए। पितरों के सम्मान के लिए अनाज तथा गर्म कपड़ों और जो हो सके धन का दान करना चाहिए। इस दिन अगर पवित्र नदी आपके आसपास है तो वहीं जाकर नहाना चाहिए और वहीं अनाजए धनए कंबलए गर्म कपड़े आदि का दान करें तथा किसी मंदिर या मठ को पूजन सामग्री का दान भी दिया जा सकता है। यह अमावस्या का दिन पितरों से आशीर्वाद लेने का दिन होता है। इसलिए भगवान शिव की भी इस दिन आराधना की जा सकती है। वैसे अगहन या मार्गशीर्ष माह में भगवान श्रीकृष्ण की अनेक स्वरूपों में पूजा करने का महीना होता है। लेकिन अमावस्या का महत्व पूरे महीने से अलग और विशेष होता है।

इस दिन विधि विधान से पूजा करने वाले लोगों को सुबह जल्दी से उठकर गंगा नदी में स्नान करना चाहिए। लेकिन अगर गंगा नदी आसपास न हों तो किसी भी पवित्र नदी या सरोवर में स्नान किया जा सकता है। अगर कोई नदी या सरोवर में से कुछ न होए तो घर में पानी में कुछ बूंदे गंगाजल डालकर स्नान करना चाहिए। सुबह भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर इस दिन की शुरुआत करनी चाहिए। स्नान के बाद पितृ तर्पण और पितृ पूजा करनी चाहिए तथा जरूरतमंदों को जो संभव हो दान देना चाहिए। इस दिन देसी घी का दीपक जलाना चाहिए। इस दिन व्रत न भी रहें तो भी कोई बात नहीं है। लेकिन पूजा आदि करने के बाद बिल्कुल सात्विक भोजन करना चाहिए। इस दिन गायए कौव्वेए कुत्ते और चींटियों को खाना खिलाना धार्मिक दृष्टि से बहुत फलदायक होता है। इस दिन तामसिक प्रवृत्ति से पूरी तरह दूर रहना चाहिए।

धार्मिक मान्यता है कि इस दिन पितृगण अपने परिवार की खुशहाली देखने और उन्हें आशीर्वाद देने के लिए धरती पर आते हैं। अगहन मास की इस अमावस्या को दर्श अमावस्या भी कहते हैंए क्योंकि इस दिन चंद्रमा के दर्शन नहीं होते। इसलिए माना जाता है कि इस दिन चंद्रमा की अनुपस्थिति पर जो लोग दिल से उन्हें याद करके उनकी सच्चे मन से पूजा करते हैंए उनसे चंद्र देव प्रसन्न होते हैं और वह उन लोगों को सुख और समृद्धि का वरदान देते हैं। ज्योतिष एवं पौराणिक शास्त्रों के मुताबिक चंद्रमा मन का कारक हैए अत: चंद्रमा की पूजा करने और उन्हें अर्घ्य देने से सभी तरह की मानसिक अशांति और विकार दूर हो जाते हैं। ज्योतिषविदों का मानना है कि अगर आप परेशानियों से घिरे हैं तो इस दिन दर्श अमावस्या का व्रत रखें और चंद्रमा की पूजा अर्चना करें। इससे आपकी स्थितियां बेहतर हो जाएंगीए जिनकी कुंडली में चंद्रमा कमजोर होए उन्हें भी दर्श अमावस्या का व्रत जरूर रखना चाहिए। क्योंकि इससे भाग्य उदय होता है और घर में समृद्धि आती है। इस दिन पीपल और बरगद के पेड़ों में कच्चा दूध पानी में मिलाकर चढ़ाना भी धार्मिक दृष्टि से शुभ माना गया है। पितरों की तृप्ति के लिए इस दिन खीरए पूरी और मिष्ठान बनाने की भी परंपरा है और पितरों को भोजन अर्पित करने के बाद दीप जलाना शुभ होता है। इस दिन गर्म कपड़ेए अनाज और पैसों के अलावा सूखी लकड़ीए कड़वा तेल ;सरसों का तेलद्धए काले कपड़ेए जूतेए तिल के लड्डूए मिष्ठानए आंवला और फलों का दान भी दिया जा सकता है। शकरए घीए दालए दर्पणए आटाए चीनीए सोना और गाय भी दान में दिये जाते हैं।

विनय उजाला
**इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

## ट्रैवल एवं लाइफ़स्टाइल ब्रांड स्विस मिलिट्री ने इनोवेटिव स्चह्य को बाज़ार में उतारा, अब विस्तार पर टिकी हैं निगाहें

विनय उजाला




**भोपाल।** अपने प्रीमियम और इनोवेटिव प्रोडक्ट्स के लिए दुनिया भर में अपनी पहचान बनाने वाले मशहूर लाइफ़स्टाइल ब्रांड, स्विस मिलिट्री ने अहमदाबाद में अपनी मौजूदगी के दायरे को बढ़ाने के साथ-साथ ट्रैवल गियर कैटिगरी में नए स्चह्य के लॉन्च की घोषणा की है। कंपनी ने बेमिसाल खूबियों वाले ट्रैवल प्रोडक्ट्स की एक बड़ी रेंज को बाजार में उतारा है जो कई अलग-अलग रंगों में उपलब्ध हैं, जो उपयोगिता और किफायती मूल्य के मामले में एक नई मिसाल कायम करते हैं।

स्विस मिलिट्री ने लगातार विकसित हो रहे भारतीय बाजार को ध्यान में रखकर अपने नए ट्रैवल गियर प्रोडक्ट्स को पेश करने का फैसला लिया है। देश की बढ़ती क्रय शक्ति, सरकार की ओर से घरेलू विनिर्माण को सहारा देने के लिए शुरू की गई पहल और तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स क्षेत्र के कारण यहाँ विस्तार की संभावनाएँ साफ तौर पर दिखाई दे रही हैं। साल 2024 में भारतीय लगेज एवं बैग के बाजार का मूल्य 15.04 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, और अनुमान है कि 2024 से 2028 तक इसमें सालाना 5.21त्न की दर से बढ़ोतरी होगी। गौरतलब है कि, बाजार की कुल बिक्री में नॉन-लग्जरी प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 87त्न है। स्विस मिलिट्री ने सुनियोजित तरीके से विस्तार के लिए कदम उठाया है, जो भारतीय ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदों के साथ-साथ प्रीमियम लगेज एवं ट्रैवल गियर की बढ़ती मांग के अनुरूप है।

इस मौके पर स्विस मिलिट्री के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री अनुज साहनी ने कहा, स्विस मिलिट्री ने इनोवेशन और अपने विस्तार के सफ़र को बरकरार रखा है, और अब ट्रैवल गियर प्रोडक्ट की अपनी नई रेंज के लॉन्च की घोषणा करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। हम सबसे उम्दा और किफायती प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने के अपने वादे पर कायम रहते हुए अपने ग्राहकों की उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन करना चाहते हैं। यह नया कलेक्शन इस बात को दर्शाता है कि हम बेमिसाल गुणवत्ता वाले और उपयोगिता के मामले में सबसे उम्दा प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने के अपने इरादे पर अटल हैं, और हम इस बात का आश्वासन देते हैं कि आपकी हर यात्रा सुकून और स्टाइल के साथ पूरी हो।

स्विस मिलिट्री ने किफायती कीमतों पर सबसे बेहतर गुणवत्ता वाले ट्रैवल गियर की तलाश कर रहे ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करने का लक्ष्य रखा है, और कंपनी महामारी के बाद यात्रा एवं छुट्टियों में घूमने-फिरने से जुड़ी गतिविधियों में बढ़ती रुचि को देखते हुए लगेज प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार है। ब्रांड ने अपने दायरे के विस्तार पर विशेष ध्यान देते हुए देश भर में 2,000 से ज़्यादा स्टोर्स में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए प्रमुख रिटेलर्स के साथ साझेदारी की है, जिसमें भोपाल के सबसे भरोसेमंद डिस्ट्रीब्यूटर भी शामिल हैं। स्विस मिलिट्री के स्टार, एज, मेज़, केल्विन, काइनेटिक, क्यूबॉइड, सैफायर, जुपिटर, डैपर, हीलियम, कोकून, डर्बी, ज़ेटा और मांडला जैसे सबसे ज़्यादा बिकने वाले मॉडल सचमुच बेहद किफायती मूल्य पर बेहतरीन गुणवत्ता के उदाहरण हैं, जो दर्शाते हैं कि यह ब्रांड अपने ग्राहकों के लिए यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के संकल्प पर कायम है।

# मांडू पहुंचे विदेशी डेलिगेट्स आदिवासी लोक संस्कृति मादल की थाप पर नृत्य करते हुए आदिवासी कलाकारों ने उनका स्वागत किया

### कंकु-चंदन का तिलक लगाकर पुष्प माला और बुके भेंट कर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया स्वागत





सोमनाथ तिवारी

**मांडू (विनय उजाला)।** पर्यटन नगरी मांडू में आज यूरेशियन देश के डेलिगेट्स का भारतीय संस्कृति और जिले की आदिवासी लोक संस्कृति की झलक आज अतिथि सत्कार में देखने को मिली, मांडू में आज इंदौर से पहुंचे इन विदेशी मेहमानों ने मांडू के ऐतिहासिक महलों का भ्रमण कर जाना इतिहास, पर्यटन नगरी मांडू में इंदौर से शाम 4:30 बजे यूरेशियन डेलिगेट्स का ग्रुप मांडू पहुंचा, मांडू के जामी मस्जिद महल और होशंग शाह महल में आदिवासी लोक संस्कृति की मादल की थाप पर जिले के जाने-माने कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुति देते हुए आए हुए इन अतिथियों का स्वागत किया, मांडू के जामा मस्जिद महल पर भारतीय परंपरा में अतिथि स्वागत की परंपरा का निर्वाह धार जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने किया बुके और पुष्पमाला पहनकर इन अतिथियों का।



पर्यटन नगरी में आज शाम इंदौर से टेंपो ट्रेवल्स करीब 10 बस से 197 डेलिगेट्स मांडू पहुंचे उन्होंने मांडू के जामा मस्जिद महल और होशंग शाह महल को देखा, इस बार जिला प्रशासन ने अलग-अलग 10-10 लोगों का ग्रुप बनाया था और उसमें एक गाइड तैनात किया था जिसने इन विदेशी मेहमानों को इन महलों का दीदार और इनका इतिहास से इन्हें रूबरू कराया।

जहाज महल को निहारा और हिंडोला महल के लाइट एंड साउंड को देखा विदेशी मेहमानों ने मांडू के जहाज महल परिसर के मूंज और कपूर तलाव के साथ इस परिसर के अन्य महलों को इन विदेशी मेहमानों ने देखा और उसके बाद मांडू के इतिहास पर आधारित लाइट एंड साउंड को देख यह मेहमान अभिभूत हुए।

मालवा रिसोर्ट होटल में अतिथि सत्कार के साथ यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम और विशेष भोज का आयोजन आदिवासी लोक संस्कृति में बना आकर्षण का केंद्र आज मांडू में विशेष अतिथियों के लिए एक बात देखने को मिली कि यहां आज मांडू के मालवा रिसोर्ट होटल में झुग्गी झोपड़ी और आदिवासी कल्चर पर आधारित आने वाले अतिथियों के लिए कुछ पल सांस्कृतिक कार्यक्रम और उन्हें मालवा के लज्जतदार भोजन के साथ काकी की रसोई के स्वाद भरे व्यंजन खिलाकर उन्हें,खुश किया गया।

प्रदेश के जाने-माने कुक और मांडू के फेमस कुक ने बने लच्छेदार भोजन देश और प्रदेश के जाने-माने भोजन बनाने वाले एक्सपर्ट कुक को यहां लाया गया था, वही मांडू में आदिवासी मक्की की रोटी उड़द की दाल के लिए यहां के विशेष आदिवासी एक्सपर्ट कुक से बनवाये पकवान, इन अतिथियों के लिए जिला प्रशासन में।

सुरक्षा के रहे पुख्ताइंतजाम पर्यटन नगरी मांडू में विदेशी मेहमानों को आगमन और भ्रमण तक जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह मैं मौके पर खड़े रहकर व्यवस्था संभाली अपनी पुलिस कमान अपनी पूरी टीम के साथ। यह अधिकारी मौके पर मौजूद रहे व्यवस्था संभालते हुए अपर कलेक्टर अश्विन रावत, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक चौधरी, संयुक्त कलेक्टर सारस्वत शर्मा, एसडीएम प्रमोद गुर्जर, एसडीएम रोशनी पाटीदार, मनावर एसडीओपी अनु बेनीवाल, धामनोद एसडीओपी मोनिका सिंह, मांडू थाना प्रभारी राम सिंह राठौड़, यातायात प्रभारी रोहित निगम सहित अन्य अधिकारियों ने यहां की व्यवस्था संभाले हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्द रातों में देर रात तक चिंतामणि सुंदरकांड भजन मंडल सदस्यों ने आकर्षक प्रस्तुति दी



**कसरावद, निप्र।** नगर के खरगोन मार्ग पर प्राचीन श्री चिंतामणि हनुमान मंदिर परिसर में स्थित श्री राधा कृष्ण गोपाल मंदिर मे मंगलवार को स्थापना दिवस मनाया गया है। यहां संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया तत्पश्चात संगीतमयी सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियों से आराधना की गयी है। मंदिर व्यवस्था प्रभारी विक्रांत मंडलोई ने बताया कि 14 वा वर्ष मंदिर में स्थापना दिवस मनाया गया है। यहां इस दिन सुबह विशेष रूप से पूजन अभिषेक हवन किया रात के समय चिंतामणि हनुमान भजन मंडल सदस्यों ने संगीतमयी सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध कर दिया। हरे रामा हरे कृष्णा.. जय श्री राधे राधे जपा करो कृष्ण नाम लिया करो। किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए जुबा पे राधा राधा नाम हो जाए..इत्यादि सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियों से देर रात तक स्वर लहरियो ने ऐसा सामा बांधा की श्रद्धालुओं ने खूब सराहा की गई। आरती के बाद महाप्रसादी बांटी। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था लगाई गई थी।

### स्टार्स योजना के अंतर्गत टेबलेट के उपयोग के संबंध में शिक्षकों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**पलसूद, निप्र।** नगर के संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या पलसूद विकासखण्ड राजपुर जिला बडवानी में शनिवार को स्टार्स योजना के अंतर्गत टेबलेट के उपयोग के संबंध प्राचार्य जगदीशचंद्र राठौड़, जनशिक्षक सुरेशचंद्र राठौड़, अरुणा अजरावनिया की उपस्थिति में संकुल के 31 शालाओ के प्राथमिक, माध्यमिक, हायर सेकंडरी स्कूल के प्राथमिक, माध्यमिक,उच्च माध्यमिक शिक्षको का स्टार्स योजना के अंतर्गत टेबलेट के उपयोग के संबंध एक दिवसीय प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर चेतन गुप्ता एवम हर्षिता राठौड़ द्वारा संकुल स्तर पर दिया गया,उक्त प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी जिला बडवानी के निर्देशन में एडीपीसी मनोज भावसार एवम डीआरजी के मार्गदर्शन में लोकशिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा ज़ारी परिपत्र अनुसार संपन्न किया गया ।प्रशिक्षण की आवश्यकता एवम रूपरेखा, टेबलेट का परिचय एवम शिक्षा में उपयोग, विषय से संबंधित अतिरिक्त जानकारी को इंटरनेट पैर एक्सप्लोर करना, इमेज, टेस्ट, वीडियो, शिक्षकों द्वारा डिजिटल कंटेंट का विकास करना, ऑडियो रिकॉर्डिंग, वीडियो रिकॉर्डिंग, प्रेजेंटेशन, विभिन्न उपयोगी ऑनलाइन लर्निंग रिसोर्सेस क्यू आर कोड अंबेडेड बुक्स, डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट, इंटरनेट ब्राउजिंग एवम ईमेल, मल्टीटास्किंग, इंटरैक्टिव लर्निंग, ई पाठशाला सहित इत्यादि कंटेंट पर विस्तृत प्रशिक्षण से शिक्षको को लाभान्वित किया गया, जनशिक्षक द्वारा यह बताया गया की ऑनलाइन ठगी करने वालो के शिक्षको के पास मोबाईल कॉल आता है। सक्षम अथॉरिटी से संपर्क किए बिना केआईएसआईआर को ओटीपी, पर्सनल डिटेल्स की जानकारी शेयर नही करे व ऐसे ठगी करने वाले व सरकारी कार्य में बाधा डालने,परेशान करने वाले व्यक्तियों को सख्ती से पुलिस विभाग सहित उच्च स्तरीय कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। इस दौरान प्राचार्य जगदीशचंद्र राठौड़, आर. एल डावर, देवीलाल महाकाल, इसराम जमरे,अनिता रावत, ज्योति डावर, ज्योति सोलंकी, हमीदा कुरैशी, निर्मला सोलंकी,भारती गुप्ता, नेहा राठौड़, केवल अलावे,राहुल डावर,आशाराम वास्केल,पवन राठौड़, दिलीप चौहान, आशीष कुशवाह, कलसिंह पिपलोदे, निश्वलता परमार, वर्षारानी सोलंकी, उर्मिला वर्मा, सुनिता सोनी, दीपाली चौहान, सत्तार खान, लोकेश कुमार आलावा, रामदास जमरे, शांतिलाल चौहान, एलाश डावर, सीता अलावे, काशीराम जमरे सहित सभी शिक्षक उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## संविधान दिवस पर संविधान संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया



विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** संविधान अंगीकृत करने की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर पीएम श्री उत्कृष्ट स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय विधि महाविद्यालय खरगोन के संयुक्त तत्वाधान में संविधान पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों की श्रृंखला में संविधान दिवस 26 नवंबर के दिन विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शैल जोशी के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संविधान दिवस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आरम्भ भारतीय संविधान की प्रस्तावना के वाचन से किया गया।

कार्यक्रम में प्रो. बर्वे, प्रो. महेश गुप्ता, प्रो. राजेन्द्रिसिंह चौहान, प्रो. आवासे, प्रो. डावर, प्रो. ललित भटानिया, प्रो. यूएस बघेल, प्रो. कैलाश चौहान, प्रो. योगेन्द्र चौहान, प्रो. दिनेश चौधरी, प्रो. संतोष राठोर, प्रो. सुनैना चौहान, प्रो. गगन पाटीदार, प्रो. चंद्रभान त्रिवेदी, प्रो. तृप्ति जायसवाल, प्रो. दिग्विजय सिंह मंडलोई मंच पर विराजमान रहे। श्रोताओं को संबोधित करते हुए प्रो. महेश गुप्ता ने संविधान के उद्देश्य और उसके क्रियान्वयन के मध्य संतुलन की बात कही , वही प्रो. चंद्रभान त्रिवेदी ने संविधान के माध्यम से अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता और कर्तव्य पालन के प्रति दृढ़ संकल्पित होने का संदेश दिया। उन्होंने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से अपना संस्मरण साझा किया। जिसमें उन्होंने संविधान रक्षा यात्रा द्वारा अपने अधिकारों को संरक्षित करने और प्राप्त करने की घटना विस्तार से विद्यार्थियों को बतायी। संविधान संगोष्ठी के आयोजन के साथ ही विद्यार्थियों के लिए मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान थीम के अंतर्गत पोस्टर और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें पूजा पाटीदार शैली बोडिया, हिना अंजली, तनीशा, धडकन जैन, मोहम्मद रजा सलमान आदि विद्यार्थियों की सहभागिता रही। संगोष्ठी के उपरांत विधि विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। संविधान पखवाड़े के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता पूर्व में कराई जा चुकी है एवं अन्य प्रतियोगिताएं भी आगामी दिवस में आयोजित कराई जाएगी।

# कलेक्टर की बड़वाह में राजस्व अनुभाग के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारियों के साथ बैठक

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने 27 नवंबर को बड़वाह में राजस्व अनुविभाग के सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों की बैठक लेकर राजस्व महा अभियान 3.0 की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सत्यनारायण दर्रे, बड़वाह एसडीएम प्रताप कुमार अगास्या, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूर्वा मंडलोई एवं जनपद सीईओ सुश्री कंचन डोंगरे उपस्थित थीं।

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने पटवारी हल्का वार राजस्व महाअभियान के बिंदुओं नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, खसरा से आधार लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री, परंपरागत रास्तों के चिन्हांकन, नक्शा शुद्धिकरण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्व महा अभियान-3.0 में बड़वाह अनुभाग की प्रगति सबसे कम पाई गई है। इसमें सुधार की आवश्यकता है। अतः सभी पटवारी और राजस्व निरीक्षक अपना कार्य जिम्मेदारी के साथ करें और प्रो एक्टिव होकर कार्य करें। पटवारी को गांव में बी-1 के वाचन की आवश्यकता नहीं पड़ना चाहिए। गांव में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होने की सूचना प्राप्त होने पर शीघ्रता से फौती दर्ज कर उसके वारिसों का नाम रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए। अविवादित नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा के प्रकरण समय सीमा में निराकृत होना चाहिए। नामांतरण के प्रकरण

**राजस्व महाअभियान -3.0 की प्रगति की समीक्षा की**




में नामांतरण के साथ ही खसरे में अपडेशन का कार्य हो जाना चाहिए। आवेदक को भी खसरा अपडेट हो जाने की सूचना उसके व्हाट्सऐप नंबर पर मिल जाना चाहिए ।कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने कहा कि राजस्व महा अभियान के प्रकरणों के साथ ही सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करना है। सभी पटवारी जनता की सेवा के दृष्टिकोण के साथ काम करें और अपने मुख्यालय पर रहे। पटवारी नियमित रूप से अपने हल्के के ग्राम में उपस्थित रहकर सेवाएं दें। बैठक में पटवारियों को उनके काम में आ रही समस्याओं को सुना गया। पटवारियों से कहा गया कि वे अपने हल्के के सभी किसानों को समझाएं कि अब हर योजना का लाभ लेने के लिए उनका आधार नंबर लिंक होना जरूरी है। अतः सभी किसान अपने आधार नंबर को खसरे से लिंक कराएं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सभी पात्र किसानों की ई-केवाईसी शत प्रतिशत हो जाना चाहिए। सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र के पटवारियों के काम पर सतत निगरानी रखें और उनके काम का प्रतिदिन का फीडबैक लें। राजस्व महा अभियान 3.0 और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में किसी भी तरह के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसमें लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार व्यक्ति पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सभी पटवारियों को दिये गये निर्देशों में गांव के सचिव, रोजगार सहायक, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम से समन्वय कर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य तेजी से करें। फार्मर रजिस्ट्री के लिए गांवों में शिविर लगाकर युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए गए।

## बाइक सवार युवक को बुरहानपुर से इंदौर जा रही बस ने मारी टक्कर, युवक गंभीर रूप से घायल

विनय उजाला

**बलवाड़ा, निप्र।** इंदौर इच्छापुर हाईवे पर बलवाड़ा समीप ग्राम कुरावद में बाइक सवार युवक को बुरहानपुर से इंदौर जा रही बस ने द्वश्च 09 द्वड्ड 9273 ने मारी टक्कर। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार कुरावद में रांग साइड से आ रही मां शारदा ट्रेवल्स की बस ने दिनेश पिता जितेन्द्र अनंजगाव बैडिया को टक्कर मार दी। दिनेश अपने भाई की शादी में अपनी बाइक क्रमांक द्वश्च10द्व4 0353 से इंदौर से अपने घर मांगलिक कार्य शांदी में जा रहा था। जिसे बुधवार दोपहर एक बजकर तीस मिनट पर बस टक्कर मार दी। जिसमें दिनेश बुरी तरह घायल हो गया 108



वाहन को सुचना मिलते ही पायलेट दीपांशु पाटीदार वह ईएमटी पवन सौनार्थी द्वारा घायल दिनेश को बलवाड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका उपचार डॉक्टर अनिल कुमावत द्वारा किया गया। दिनेश के कान से खुन बहना नहीं बंद हो रहा था। जिसे नाजुक हालत में इंदौर रैफर किया गया ।जिसका हालात अभी चिंताजनक बताई जा रही है। बसो सहित आवरलोडिगं वाहनों की गति पर लगाम लगाने में स्थानीय प्रशासन विफल साबित हो रहा है। कुछ दिन पहले भी एक अमर ज्योति बस सर्विस कंपनी की बस ग्वालु घाट में अनियंत्रित होकर पलटी खा गई थी। जिसमें सिमरोल थाना क्षेत्र के मेंमदी निवासी मनोज पिता हुकुमचंद उम्र 40 वर्ष को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। युवक किसान था ओर टमाटर के पौधे लेकर अपनी बाइक से अपने घर जा रहा था। इंदौर इच्छापुर हाईवे पर बेलगाम दौड़ती इन बसों ने कुछ दिनों से कोहराम मचा रखा है। हर पांच मिनट में एक बस को परमिट देकर परिवहन विभाग आम लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहा है। बता दें कि सनावद से इंदौर रोजाना तीन सौ बसों का आवागमन होता है। स्थानीय प्रशासन सहित सनावद थाना बड़वाह थाना बलवाड़ा थाना सिमरोल थाना तेजाजी नगर थाना भी इंदौर इच्छापुर हाईवे पर बने हैं । फिर भी इन तेज़ गति से दौडती बेलगाम बसों सहित हाइवा वाहन ओर डंपर पर लगाम लगाने में पुलिस सहित आरटीओ विभाग भी अपनी रूचि नहीं दिखा रहे हैं। इस विषय पर जब प्रतिनिधि द्वारा खरगोन आरटीओ रितु अग्रवाल से सम्पर्क करना चाहा तो उन्होंने फ़ोन उठाया मुनासिब नहीं समझा। अखबारों के माध्यम से आवरलोडिगं ओर अनियंत्रित बसों की गाति को लेकर रोजाना समाचार प्रकाशित हो रहे हैं फिर भी प्रशासन और आरटीओ विभाग अपनी कुंभ करण की नींद से उठने को तैयार नहीं।

### संविधान दिवस पर स्काउट एवं गाइड कब बुलबुल ने डॉ. भीमराव अंबेडकर साहब को याद कर मनाया संविधान दिवस



**बड़वानी, निप्र।** 26 नवंबर का दिन है जो संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है ।26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत के लिखित संविधान को अंगीकार,स्वीकार,आत्मसात किया था जो बाद में 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर की 125 वीं जयंती के वर्ष में 26 नवंबर को भारत सरकार ने प्रति वर्ष संविधान दिवस मनाना प्रारंभ किया जो तब से प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है। आज संविधान दिवस के अवसर कार्यक्रम में सभी जिला कमिश्नर श्री शक्ति सिंह चौहान की ओर से सभी स्काउट गाइड को व भारत के सच्चे नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं के साथ शासकीय कन्या आश्रम बगड़ी में संविधान दिवस का आयोजन किया गया गाइड केप्टिन सुश्री तारेश्वरी भार्गव के देखरेख में कब बुलबुल स्काउट गाइड छात्राओं द्वारा मनाया गया ।रंगारंग कार्यक्रम में देशभक्ति गीत एवं संविधान के बारे में जिला संगठन आयुक्त श्री गणेश श्रीवास्तव ने बताया एवं संविधान की जानकारी दी। उपदेशिका का वचन किया। सभी ने उसको दोहराया उसको दोहराया।



## खरगोन एसडीएम बीएस कलेश ने सोयाबीन उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** 27 नवंबर को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खरगोन बीएस कलेश द्वारा सोयाबीन उपार्जन केन्द्र तिरुपति बालाजी बलवाड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सोयाबीन खरीदी की व्यवस्था का जायजा लिया और किसानों से चर्चा भी की। उन्होंने किसानों से कहा कि सोयाबीन को अच्छी तरह से सूखाकर और साफ करने के बाद ही विक्रय के लिए लेकर आए। समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी एफएक्यू मापदंड के अनुसार ही की जाएगी। इस दौरान सहायक संचालक प्रकाश ठाकुर भी मौजूद थे।

## ताजपुरा शासकीय विद्यालय के शिक्षकों का अनूठा नवाचार, स्वयं की राशि से बच्चों को किए स्वेटर वितरित

राजू बैरागी

**नरसिंहगढ़।** ब्लॉक मे शासकीय विद्यालय ताजपुरा के शिक्षको के द्वारा किये गये सराहनीय कार्य लगता हे निकट भविष्य मे आगे जाकर मील का पत्थर साबित हो सकता हैं।

नरसिंहगढ़ ब्लॉक अंतर्गत आने वाले शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय ताजपुरा में स्कूली छात्रों को स्कूल के शिक्षकों द्वारा नि:शुल्क स्वेटर वितरित कर बच्चों को स्कूल के प्रति आकर्षित करते हुए प्रोत्साहित किया गया। जिससे कि छात्र-छात्राओं का मन मे स्कूल के प्रति आकर्षण बढ़े और बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें संविधान दिवस पर शासकीय



एकीकृत माध्यमिक विद्यालय ताजपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय स्टेट बैंक बोड़ा शाखा प्रबंधक जितेंद्र सिंह मीणा, संकुल प्राचार्य रामचंद्र यादव ,खानपुरा प्राचार्य बीएस परमार ,जन शिक्षक रामबाबू यादव ,रामेश्वर बागड़ी, संस्था प्रभारी संतोष कुमार पाठक ,गोविंद शर्मा, रामबाबू दांगी ,महेश यादव, बाला बगस दांगी, आरके वर्मा अथिति शिक्षिका मानसी दांगी, शिवानी यादव, भावना यादव की उपस्थिति में स्कूली छात्र-छात्राओं को निशुल्क स्वेटर वितरित की गई साथ ही स्कूल के छात्र-छात्राओं को आ में भविष्य में लक्ष्य बनाकर चलने और किस तरह लक्ष्य पाया जा सकता है उसके बारे में विस्तार पूर्वक उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पूर्ण जानकारी साझा की गई इस मौके पर स्कूल स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

## सांसद डॉ. सोलंकी को मप्र व राजस्थान के सांसदों के सचेतक की मिली जिम्मेदारी

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** राज्यसभा सांसद डॉ.सुमेर सिंह सोलंकी को राज्यसभा में मध्यप्रदेश व राजस्थान के सांसदों के व्हिप (सचेतक) के रूप में किया गया ।नियुक्त राज्यसभा में सदन के नेता व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी ने मध्यप्रदेश से भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह



सोलंकी को सदन में व्हिप (सचेतक) नियुक्त किया।

राज्यसभा सांसद डॉ.सुमेर सिंह सोलंकी से प्राप्त जानकारी अनुसार व्हिप(सचेतक) के रूप में उन्हें सदन में सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करना,सदन की कार्यवाही में व्यवस्था और दक्षता बनाये रखने में मदद करना, अपने सदस्यों को सदन की कार्यवाही के बारे में जानकारी देना, सामान्य और कुछ चुनिंदा समितियों में सदस्यों को भेजने का सुझाव देना,अपने दलों के नेताओं और सदस्यों के बीच मध्यस्था करने का कार्य करेंगे ।राज्यसभा सांसद डॉ.सुमेर सिंह सोलंकी को यह नियुक्ति पत्र मुख्य सचेतक डॉ.लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने सौंपा ।सांसद डॉ. सोलंकी को मिली उक्त महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मध्यप्रदेश व राजस्थान के सांसदों ने बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया।

### ऑपरेशन हवालात के तहत पुलिस की प्रभावी कार्यवाही

**बड़वानी, निप्र।** पुलिस अधीक्षक बड़वानी जगदीश डावर के दिशा निर्देश में फरार वारंटियों कि धरपकड़ हेतु ऑपरेशन हवालात चलाया जा रहा है ।पुलिस कप्तान बड़वानी द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को लम्बे समय से फरार चल रहे स्थाई, फरारी व गिरफ्तार वारंटियो की धर पकड़ हेतु निर्देशित किया गया है। इसी अनुक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल पाटीदार, एसडीओपी बड़वानी दिनेश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बड़वानी दिनेश सिंह कुशवाह ने स्थाई वारंटीयों को पकडने हेतु पुलिस टीम का गठन किया है। बड़वानी पुलिस टीम द्वारा लगातार फरार वारंटीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय बड़वानी पेश किया जा रहा है ।इसी तारतम्य में न्यायालय बडवानी के प्रकरण क्रमांक 381/2022 धारा 25(1-बी) आयुध अधिनियम में आरोपी झंझाड पिता पारसिया भील उम्र 38 साल निवासी ग्राम बोम्या कई दिनों से न्यायालय में उपस्थित नही हो रहा था, जिसका माननीय न्यायालय बडवानी ने स्थाई वारंट जारी किया था। थाना बडवानी पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना पर वारंटी झंझाड को ग्राम बोम्या से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बडवानी पेश किया।

**गायत्री परिवार द्वारा एक माह तक आयोजन किए जाएंगे, व्यसन मुक्ति अभियान में संकल्प पत्र भराए जाएंगे**

## देव संस्कृति विश्व विद्यालय की छात्राएं शिक्षा एवं मानवीय मूल्यों का प्रसार करेगी

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के मार्ग दर्शन में सामाजिक परिवीक्षा हेतु देव संस्कृति विश्व विद्यालय हरिद्वार की छात्राए ग्रेजुएशन पूर्ण कर एक माह समय दान के लिए बड़वानी आ रही है।**

जिला समन्वयक महेंद्र भावसार ने बताया की कुमारी कंचन मंडल,मधु गुप्ता, कुमारी साक्षी की टोली 28 नवंबर से 27 दिसंबर तक बड़वानी जिले में एक माह समय दान देकर व्यसन मुक्त समाज हो अभियान का शुभारंभ करेगी। गुटका, पाउच, शराब सेवन से होने वाले दुष्परिणाम विद्यालय में विद्यार्थियों को समझाए जायेगे। सामाजिक परिवीक्षा का उद्येश्य शैक्षणिक सस्थाओं,प्रबुद्ध जनों और नगर के मोहल्लो में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के निर्धारित लक्ष्य,आधुनिक शिक्षा एवम मानवीय मूल्यों को प्रतिपादित कर समाज को नई दिशा प्रदान करना है



साथ ही आयुर्वेद, योग विज्ञान, मनोविज्ञान, यज्ञ विज्ञान का प्रसार करना। महिला मंडल जिला प्रभारी ममता तोमर, रेखा पुरोहित ने जानकारी दी की वंदनीय माताजी, अखंड दीपक जन्म शताब्दी प्रयाज में वैश्विक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण को लेकर विद्यार्थियों को बौद्धिक, देश भक्ति, समाज सेवा का सद्ज्ञान देकर नई पीढ़ी को सदमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया जायेगा ।गायत्री परिवार का एक ही लक्ष्य है। एक महीने तक जिले में चलने वाले कार्यक्रम को गोपाल कृष्ण प्रजापति जिला संयोजक भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, सीताराम भाई बड़वानी तहसील, जगदीश पाटीदार प्रमुख ट्रस्टी गायत्री शक्ति पीठ अंजड, कमल चौहान पल्लवी शास्त्री तहसील अंजड, गायत्री दौसोंधी, राकेश मेवाड़े गायत्री चेतना केंद्र तहसील ठीकरी, हीरालाल रोमडे, सुरेश सोलंकी,रमेश पटोडे व्यसन मुक्ति अभियान प्रभारी, गायत्री शक्ति पीठ जुलवानिया,नरेंद्र डावर गायत्री शक्ति पीठ साली टांडा, प्रकाश नरगावे प्रज्ञा पीठ झिरी जामली,मगन लाल डुडवे युग साहित्य विस्तार प्रभारी,मीरा बहन, पूजा पाटिल गायत्री शक्ति पीठ सेंधवा, दयाराम जाधव, ओंकार राठौड़ प्रज्ञा पीठ बलवाड़ी, त्रिलोक सोनी, निवाली, भीलालाल माहले, त्रंबक टेलर प्रमुख ट्रस्टी, संजय सिरोड़े, प्रकाश शार्दुल, गायत्री शक्ति पीठ खेतिया पानसेमल तहसील के साथ महिला मंडल, परिजन सामाजिक परिवीक्षा कार्यक्रम संचालित करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बालिका छात्रावास की वार्डन को कार्य मुक्त किया



**रतलाम, निप्र।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव द्वारा विभिन्न अनियमितताओं के कारण अंजलि सोलंकी को समग्र शिक्षा अभियान जिला शिक्षा केंद्र के अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास के वार्डन के अतिरिक्त प्रभार से कार्य मुक्त किया गया है। उनके स्थान पर प्राथमिक शिक्षक सुरेखा पाटीदार को वार्डन का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है।

### ग्राम जलकुआं में हुआ किसान संगोष्ठी का आयोजन




**हरसद, निप्र।** खालवा विकासखंड के ग्राम जलकुआं में शिवशक्ति संस्था द्वारा किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जैविक खेती अभियान के बारे में किसानों को बताया गया। इस मौके पर संस्था के अधिकारी डीडीएसएम सुनील तमखाने, डीबीएम रामसिंह ठाकुर, टीएम रविराज सोनी, एग्रीकल्चर ऑफिसर गणेश शर्मा, जीएल शिवशंकर पटेल, एसआर महेश करोडे द्वारा किसानों का जैविक खाद का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि रासायनिक खादों एवं दवाईयां डालने से भूमि की उर्वरक शक्ति धीरे-धीरे नष्ट होती जा रही है। जिससे एक दिन सारी भूमि बंजर हो जाएगी। इस अवसर पर रघुवीर पंवार, बलबीरसिंह, दिनेश तिरोले, लोकेंद्रसिह तोमर, शांतिसिंह पंवार, प्रकाश, मंगलसिंह सौलंकी, घनश्याम जायसवाल, अनिल, ध्यानसिंह सौलंकी सहित अन्य कृषकगण मौजूद थे।

### राजस्व महाअभियान 3.0- बुरहानपुर कलेक्टर ने जारी किया वीडियो संदेश



**बुरहानपुर, निप्र।** राजस्व महा अभियान 3.0 के तहत जिले में किसान फार्मर आईडी बनाई जा रही है। आधार कार्ड की तरह यह आईडी भी किसानों के लिए जरूरी कर दी गई है। इसे लेकर बुधवार दोपहर बुरहानपुर कलेक्टर भव्या मित्तल ने एक वीडियो संदेश जारी कर किसानों से अपील की है कि वह वह फार्मर आईडी जरूर बनवाएं। कलेक्टर भव्या मित्तल के अनुसार मध्यप्रदेश फार्मर रजिस्ट्री प्रणाली के तहत प्रत्येक किसान का एक विशिष्ट किसान आईडी ;फार्मर आईडी कार्ड होगा जिसके माध्यम से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। यह मध्यप्रदेश राज्य के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। कलेक्टर ने कहा जिले में राजस्व महाअभियान के तहत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के फायदे भी बताए जा रहे हैं।

### समाज के लोगों को एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए : अंकित गजकेश्वर



**बुरहानपुर, निप्र।** लक्ष्मी नगर स्थित समर्थ संघ कार्यालय मेंसामाजिक सद्भावना बैठकका आयोजन किया गया। इस बैठक में समाज के प्रबुद्धजनों और प्रमुख लोगों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए 'पंच परिवर्तन'पर चर्चा करना था। बैठक के मुख्य वक्ता, प्रांत पर्यावरण संयोजकअंकित गजकेश्वरने कहा कि समाज में गुणात्मक परिवर्तन लाने के लिएपंच परिवर्तनकी अवधारणा को आत्मसात करना आवश्यक है। उन्होंने इन पांच आयामों को विस्तार से समझाया। सामाजिक समरसता-समाज के सभी वर्गों के बीच समानता और सद्भाव को बढ़ावा देना। कुटुंब प्रबोधन-परिवार को नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों का केंद्र बनाना। स्व का भाव-आत्मनिर्भरता और आत्म-जागरूकता को विकसित करना।नागरिक कर्तव्यों का पालन-संविधान में दिए गए कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक पालन। पर्यावरण संरक्षण-प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और संतुलित उपयोग। अंकित गजकेश्वर ने कहा- समाज और राष्ट्रहित सर्वोपरि है। जन समूह आज असमानता और अलगाव के संकटों का सामना कर रहा है। इनसे उबरने के लिए पंच परिवर्तन के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाना जरूरी है। उन्होंने जोर दिया कि यदि ये पांच आयाम जीवन में शामिल किए जाएं, तो न केवल समाज में समग्र विकास होगा बल्कि भारतअखिल विश्व का नेतृत्वकरने की क्षमता भी हासिल करेगा।

# व्यापार मेला मार्च माह में होगा आयोजित

## कलेक्टर ने आयोजन को सफल बनाने दिए निर्देश




विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। ग्वालियर के मेले जैसा व्यापार मेला उज्जैन में मार्च माह में आयोजित होगा। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने व्यापार मेले की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।**

उन्होंने कहा कि व्यापार मेले को भव्य पैमाने पर सफल बनाया जाए। इस हेतु नगर निगम के अधिकारी को निर्देश दिए कि व्यापार मेले के लिए लेआउट अगले 10 दिन में तैयारी की जाए। ग्वालियर मेले के बाद व्यापार मेला उज्जैन में आयोजित किया जाएगा। जिन जिन विभागों को व्यापार मेले की तैयारियों के संबंध में जो दायित्व सौंपे गए है वे समय सीमा में पूर्ण करें। व्यापार मेला इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में प्रस्तावित किया गया है। कलेक्टर ने यूडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तारामंडल से इंजीनियरिंग कॉलेज की ओर बनाई जा रही सड़क का निर्माण समय सीमा में पूरा किया जाए ताकि उक्त मार्ग व्यापार मेले के लिए बहुउपयोगी सिद्ध होगा। इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर की आंतरिक सड़कों का चौड़ीकरण व्यापार मेले के पूर्व पूर्ण किया जाए। बैठक में क्षैत्रीय परिवहन कार्यालय के आरटीओ को निर्देश दिए कि वाहन पंजीयन व्यवस्था के संबंध में कार्य योजना तैयार की जाए। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापार मेला स्थल का समतलीकरण, लेआउट, दुकानों/भूखण्डों के आवंटन, मंच साज सज्जा आदि सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के संबंध में कार्य योजना बनाई जाकर अगले 10 दिन में लेआउट तैयार कर लिया जाए। बैठक में जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### ग्रेसिम मजदूर युनियनो ने सरकार की नीतियो का जताया विरोध

**नागदा जं. निप्र।** दिनांक 26 नवम्बर को शाम 6 बजे संविधान दिवस पर ग्रेसिम मजदूर युनियन द्वारा एटक कार्यालय डी-12 बिरलाग्राम पर कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें मजदूरो द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। समस्त ट्रेड यूनियने संयुक्त रूप से आज पुरे भारत में विरोध प्रदर्शन कर रही है। जिसमें मजदूर और किसान के मुद्दो को उजागर करने विरोध जताया है। जिसका ग्रेसिम मजदूर युनियन नागदा ने भी पूर्ण रूप से समर्थन किया है और सरकार के विरोध में चारो श्रम कानुनो को वापस लेने की मांग की और नारे लगाये तथा सभा को संबोधित किया। जिसमें कामरेड सोमदेव पाल, कामरेड महेश सोनी ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता युनियन के अध्यक्ष कामरेड दिलीप पांचाल ने की और अंत में अध्यक्षीय भाषण देकर व नारो के साथ कार्यक्रम को समापन किया।



## मंत्र उच्चारण के साथ ध्वज परिवर्तन

विनय उजाला

**नागदा निप्र।** मंत्र उच्चारण के साथ बुधवार सुबह 8.45 बजे जैन कालोनी स्थित शांतिनाथ राजेन्द्र सूरी जैन ज्ञान मंदिर में 24 वा ध्वज परिवर्तन साध्वीश्री विरागयशाश्रीजी मसा आदि साध्वीवृन्द की निश्रा में हुआ।

पुण्यसम्राट आचार्य देवेश श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी मसा की प्रेरणा से निर्मित मंदिर में ध्वज परिवर्तन के कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 7 बजे स्नात्र पूजन व सत्तरभेदी पूजन के साथ हुई। पूजन का विधान विधिकारक हेमंत कांकरिया, डॉ. विपिन वागेरचा व गौरव बोहरा ने करवाया। ध्वज परिवर्तन का लाभ के.के संघवी परिवार ठाणे व दाखा बाई शांतिलाल सकलेचा परिवार ने लिया। धर्मसभा के पश्चात मूर्तिपूजक जैन श्रीसंघ की नवकारशी का आयोजन किया गया, जिसका लाभ ध्वज परिवर्तन लाभार्थी परिवार द्वारा लिया गया। ध्वज परिवर्तन कार्यक्रम के पश्चात आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए साध्वीश्री विरागयशाश्रीजी मसा ने कहा कि पुण्यों के उदय से व्यक्ति मंदिर में जाकर भगवान के दर्शन कर सकता है। मंदिर के पास रहने वाला व्यक्ति जो सुलभता से मंदिर में जाकर भगवान के दर्शन कर सकता है किन्तु पुण्यों में कमी और प्रमाद के कारण वह व्यक्ति भगवान के दर्शन करने से अनेक बार वंजित रह जाता है। साध्वीश्री उपस्थित श्रद्धालू को सीख प्रदान करते हुए कहा कि जहाँ तक सम्भव हो सके प्रमाद को त्याग कर प्रतिदिन मंदिर में विराजमान भगवान के दर्शन करने के साथ पूजन कर पुण्यों का उपार्जन करना चाहिए। वहीं धर्मसभा को संबोधित करते हुए ध्वज परिवर्तन के लाभार्थी के.के.संघवी ने आगामी वर्ष में मंदिर में आयोजित होने वाली 25 वीं ध्वज परिवर्तन का आयोजन विराटतम स्तर करने हेतु श्रीसंघ एवं ट्रस्ट मंडल से विन्नती की।

### पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास

# न्यायालय ने नाबालिक पुत्री की साक्ष्य को संदेह से परे माना

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** अपनी पत्नी की हत्या करने वाले पति को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई । साथ ही 5000 का जुमार्ना भी लगाया है। न्यायालय ने बच्चों को प्रतिकर राशि प्रदान करने की अनुशंसा रतलाम जिला विधिक सहायता प्राधिकरण को की है।

अपर लोक अभियोजक एवं शासकीय अधिवक्ता सतीश त्रिपाठी ने बताया कि घटना दिनांक 9 व 10 अगस्त 2022 रात्रि की है। मृतिका शोभा बाई पति विजय जाट निवासी नामली अपने बच्चों के साथ कमरे में सो रही थी। सुबह- शोभा बाई मृत अवस्था में मिली थी।

सोभा बाई, आरोपी विजय जाट पिता रतनलाल जाट के मध्य छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा होता था। मृतिका की मृत्यु विजय जाट द्वारा गला दबाने के कारण हुई थी। इसके बाद अभियुक्त विजय जाट को 21 अगस्त 2022 को गिरफ्तार कर मामला पुलिस थाना नामली द्वारा पंजीबद्ध कर किया गया था। तत्कालीन थाना प्रभारी प्रीति कटारे द्वारा मामले की विवेचना की गई थी। प्रकरण में 11 व्यक्तियों के कथन करवाए गए थे।

#### नाबालिक बच्ची की साक्ष्य को संदेह से परे माना

न्यायाधीश बरखा दिनकर ने अपने 38 पेज के निर्णय में लिखा की मृतिका शोभा बाई की पुत्री खुशी घटना के समय घर पर थी। उन्होंने न्यायालय में अपनी गवाही के दौरान व्यक्त किया की घटना दिनांक को माता-पिता के मध्य झगड़ा हो रहा था। पिता ने हमें दूसरे कमरे में सुला दिया। 1 घंटे तक झगड़ा माता-पिता के मध्य चला रहा फिर आवाज आना बंद हो गई थी। सुबह जब हम स्कूल के लिए तैयार हुए तो हमारी माता शोभा भाई नहीं उठी। हम कमरे में गए पिता वहीं पर थे। हमने उनसे बोला कि हमें स्कूल जाना है माता को उठाओ, तो पिता ने कहा कि पास में रहने वाले दादा दादी को बुलाकर लाओ। हम बुलाने गए इतने में पिता वहां से भाग गए थे। दादा-दादी ने माता को देखकर कहा कि हमारी माता की मृत्यु हो गई है और अस्पताल लेकर गए। न्यायालय ने पुत्री की साक्ष्य को संदेश से परे मानते हुए उन्हें घटना का साक्षी माना। न्यायालय ने मध्य प्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 के अंतर्गत मृतका के बच्चों को वर्तमान सामाजिक परिवेश में तथा प्रकरण की स्थिति को देखते हुए यथोचित प्रतिकार देने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रतलाम को अनुशंसा की है।

# दो मिनट में बनवा सकते हैं फार्मर आईडी

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** फार्मर आईडी नहीं होने से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त राशि नहीं मिल सकेगी। इसके अलावा फार्मर आईडी नहीं होने से विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल नहीं पाएगा। फार्मर आईडी नहीं होने से जमीन संबंधी कोई भी काम नहीं हो पाएंगे, केवल आधार कार्ड, समग्र आईडी, यूनिक मोबाइल नंबर और जमीन की जानकारी ले जाकर दो मिनट में स्थानीय कियोस्क सेंटर परफार्मर आईडी बनवाई जा सकती है। कलेक्टर राजेश बाथम द्वारा बताया गया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना हेतु फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। दिसंबर 2024 के उपरांत केवल फार्मर आईडी उपलब्ध होने पर ही योजना का लाभ हितग्राही को प्राप्त हो सकेगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का निरंतर लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री बनाना अनिवार्य किया गया है। सर्वप्रथम अपने आधार से मोबाइल नंबर लिंक करें, उपरांत अपने नजदीकी सीएससी केंद्र अथवा गांव के पटवारी के माध्यम से फॉर्मर रजिस्ट्री करवा सकते हैं अथवा व्यक्ति स्वयं लिंक पर जाकर मोबाइल नंबर से रजिस्टर कर आधार ओटीपी के माध्यम से स्वयं भी फार्मर रजिस्ट्री कर सकते हैं।

#### आगामी योजनाओं में भी होगी अनिवार्य

एसएलआर अभिषेक मालवीय ने बताया कि आगामी समय में फार्मर आईडी अन्य योजनाओं में भी अनिवार्य होगी। जिले के मैदानी अमले को निर्देशित किया गया है कि अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर किसानों की सहभागिता से फार्मर आईडी जनरेट करने की कार्रवाई पूर्ण करवाई जाए। फार्मर रजिस्ट्री का उद्देश्य है कि समस्त भू-धारियों के आधार लिंक्ड रजिस्ट्री तैयार करना है जिसमें भू-धारियों को एक अन्य फार्मर आईडी प्रदान किया जाएगा। फार्मर रजिस्ट्री के लाभ अंतर्गत पीएम किसान सम्मान निधि योजना हेतु फार्मर रजिस्ट्री के अनिवार्यता की शर्त पूर्णता के साथ हितग्राहियों को लाभ प्राप्त करने में सुगमता रहेगी।

### 3 दिन पहले तेंदुआ दिखने के बाद से वन विभाग की टीम इंदौर इच्छापुर हाईवे से सटे जंगल

**बुरहानपुर, निप्र।** इंदौर-इच्छापुर हाईवे के खातला फाटे के पास शनिवार रात तेंदुआ नजर आया था। इसके बाद से लोगों में दहशत है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग यहां लगातार सर्चिंग कर रहा है। लेकिन बाद में तेंदुआ कहीं नजर नहीं आया। खातला फाटा हाईवे से धुलकोट रोड को जोड़ता है। यहां हाईवे सहित इस रोड पर भी बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही है। ऐसे में इस क्षेत्र में तेंदुए के मूवमेंट से बड़ा खतरा हो सकता है। वन विभाग यहां सतत नजर बनाए हुए है। मंगलवार रात रेंजर तरुण अनिया सहित टीम ने सर्चिंग की तो वहीं बुधवार सुबह से फिर टीम सर्चिंग करने में जुट गई। खेत, नदी, तालाब हर जगह तेंदुए के पगमार्क तलाश किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि शनिवार रात करीब 11.30 बजे इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर खातला फाटे से गुजर रहे पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक सोलंकी सहित अन्य लोगों को रोड क्रॉस करते हुए तेंदुआ नजर आया था। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आसपास सर्चिंग की। लोगों को समझाइश दी कि रात में अकेले बाहर नहीं निकलें। धूलकोट-असीरगढ़ रेंजर तरूण आनिया ने बताया जहां तेंदुआ नजर आया, वहां एक तरफ अतिक्रमण और दूसरी तरफ जंगल है।

## केला फसल बीमा योजना लागू करने की मांग, मराठा सेवा संघ ने सौंपा ज्ञापन



विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** मराठा सेवा संघ की कृषि परिषद ने एक बार फिर सेकेला फसल बीमा योजनालागू करने की मांग उठाई है। जिले की मुख्य फसल केले की खेती के लिए बीमा योजना को लागू करना, प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे किसानों के लिए वरदान साबित हो सकता है। संघ ने इस संबंध मेंकलेक्टर के माध्यम से शासन को ज्ञापन सौंपा है। बुरहानपुर जिले कीमुख्य फसल केलाहै, जो शासन को बड़े पैमाने पर राजस्व और हज़ारों लोगों को रोजगार देती है। प्राकृतिक आपदाओंके कारण बीते पांच वर्षों से किसान भारी नुकसान झेल रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। महाराष्ट्रजैसे पड़ोसी राज्य में फसल बीमा योजना के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। फसल बीमा लागू होने से किसानों को राहत मिलेगी, रोजगार में वृद्धि होगी, और नए उद्योग-व्यवसायों को प्रोत्साहन मिलेगा। मराठा सेवा संघ के प्रमुखसुनील महाजनने कहा जंगली सूअरकिसानों की केला, मक्का और चना जैसी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं।संघ ने शासन सेवन विभाग के सहयोगसे जंगली सूअरों के आतंक पर रोक लगाने की मांग की है। इससे किसानों को लाखों रुपये के नुकसान से बचाया जा सकता है।

# स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी के विरुद्ध आदेश पारित

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग जिला रतलाम के अध्यक्ष मुकेश कुमार तिवारी एवं सदस्य जयमाला संघवी द्वारा बीमा कम्पनी प्रकरण में आदेश पारित किया गया है। आदेश में परिवादी को बीमा राशि रुपए 2,50,000/- दो लाख पचास का भुगतान 8 त्न साधारण वार्षिक ब्याज पर करने के साथ ही मानसिक त्रास हेतु क्षतिपूर्ति रुपए 10,000/- अदा करने के आदेश प्रदान किए। यह राशि साठ दिवस में अदा करना होगी।

परिवादी अमित सक्सेना की ओर से अभिभाषक सुनील पारिख द्वारा अनावेदक स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी के विरुद्ध परिवाद प्रस्तुत किया गया। बताया कि अनावेदक ने आवेदक को कोविड रक्षक बीमा पॉलिसी के तहत बीमा किया था। आवेदक ने अपनी पत्नि नीरजा सक्सेना का स्वास्थ्य खराब होने पर व जांच में कोरोना पॉजिटिव पाए जाने पर सीएचल हॉस्पिटल इंदौर में भर्ती किया था। जहां समस्त जांच की गई व कोरोना पॉजिटिव होने पर इलाज किया गया। इसकी सूचना बीमा कंपनी को दी गई। बीमा कंपनी ने बीमा दावा यह कहते हुए खारिज कर दिया की कोविड 19 का अन्य बीमारी के साथ मिश्रित इलाज किया गया। पूर्व की बीमारी की जानकारी नहीं दी गई है।

अगर दी होती तो बीमा ही नहीं किया जाता व अन्य कई कारण बताते हुए दावा निरस्त कर कोई भी सहायता से आवेदक को अपात्र कर दिया गया।

#### औचित्यहीन दस्तावेजों की मांग

जिला उपभोक्ता फोरम ने कोविड गाइडलाइन के अवलोकन व प्रस्तुत दस्तावेजों पर पाया की कंपनी ने निश्चित रूप से औचित्यहीन दस्तावेजों की मांग की और उसके अभाव में दावा निरस्त किया। परिवादी एडवोकेट पारिख के तर्कों से सहमत होते हुए आयोग ने पाया कि बीमा राशि प्राप्त करने हेतु अपेक्षित शर्तों का वर्णित मापदंडों को पूरा किया है। परंतु विपक्षी बीमा कंपनी ने उपरोक्त दस्तावेजों का इस तरह से निर्वाचन किया जिससे वह परिवादी को बीमा पॉलिसी के अधीन बीमा राशि को भुगतान करने के अपने दायित्व से बच सके। विपक्षी बीमा कंपनी ने परिवादी को बीमा पॉलिसी की राशि को भुगतान न करके एवं आवेदक के बीमा दावे को बिना किसी न्यायोचित उचित कारण के निरस्त कर दिया। न्यायालय ने माना कि यह सेवा में कमी है। परिणाम स्वरूप आवेदक उपरोक्त राशि पाने का पात्र है। न्यायालय ने ब्याज सहित बीमा राशि और मानसिक क्षति व्यय 60 दिनों में देने के भी आदेश दिए।

# हमारा संविधान हमारा अभिमान के तहत संविधान दिवस मनाया

विनय उजाला




**रतलाम, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रतलाम में संविधान अपनाने के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजनीति विज्ञान विभाग, स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस हेतु कार्यक्रम की एक श्रृंखला आयोजित की गई।

प्रदर्शनी, प्रस्तावना वाचन, डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, संविधान निर्माण में मध्य प्रदेश के योगदानकताओं से परिचय, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, व्याख्यान कार्यक्रम, रैली आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.वी. शास्त्री ने उद्देशिका वाचन के साथ किया। विद्यार्थियों को उद्बोधित करते हुए कहा कि संविधान देश के राजनीतिक ढांचे का प्रतिबिंब है तथा जिससे नागरिकों के अधिकार व कर्तव्यों का ज्ञान भी प्राप्त होता है। विद्यार्थियों को संविधान निर्माण प्रक्रिया से अवगत कराने हेतु डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गयी। संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा पोस्टर निर्माण गतिविधि का भी आयोजन किया गया। संविधान एवं संविधान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालने के लिए डॉ. स्वाति पाठक एवं डॉ. इंदु कटारिया द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। डॉ. स्वाति पाठक ने संविधान की विशेषताओं से अवगत करते हुए बताया कि हमारा संविधान मानवता और जनकल्याण पर आधारित है। इंदु कटारिया ने श्रोताओं को संविधान सभा में हुई रोचक और ज्ञानवर्धक बहस के बारे में बताया। विद्यार्थियों द्वारा हमारा संविधान हमारा अभिमान के नारे लगाते हुए रैली निकाली गई । राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की आर्ट और कैलीग्राफी को दिखाती हुई प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ, विद्यार्थियों तथा रतलाम शहर के गणमान्य नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सराहा । कार्यक्रम की संयोजक सहायक प्राध्यापक पूनम चौधरी थी।

### राजस्व प्रकरणों का निराकरण समयसीमा में करने के निर्देश

**उज्जैन, निप्र।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने वीसी के माध्यम से राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व महाअभियान के अंतर्गत प्रकरणों का निराकरण समयसीमा में करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने तहसील व विभिन्न विषयों पर समीक्षा कर निर्देश दिए कि किसानों के आधार से खसरे की लिंकिंग की जाए, फार्मर रजिस्ट्री की तहसीलवार जानकारी प्राप्त कर संबंधित राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व महाअभियान की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में उज्जैन जिले की रेटिंग प्रथम रहे इस हेतु जिले की समस्त तहसीलों में रेटिंग सही हो।

# गलत इलाज से बच्ची का हुआ पैर खराब, परिजन धरने पर बैठे

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** मामला जनवरी 2023 का है जब घर के बाहर खेल रही बच्ची के पैर में चोंट लग गई और परिजन उसे लेकर चेरिटेबल अस्पताल पहुंचे। इस दौरान डॉक्टर ने फेक्चर बताया और पट्टा चढ़ा दिया। लेकिन दस दिन बाद बच्ची के पैर में इन्फेक्शन हो गया और उसके पैर में से खून आने लगा। जब डॉक्टर को दिखाया तो उसने कोई संतोषनक जवाब नहीं दिया। आज बच्ची के पैर को काटने की नौबत आ गई है। डॉक्टर पर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर बुधवार को परिजनों ने टावर चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया।

मामले में किसान का आरोप है कि चैरिटेबल हॉस्पिटल के डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन लगाया, जिससे उसकी बच्ची का एक पैर काटने की नौबत आ गई। किसान, परिजन और ग्रामीण डॉक्टर पर एफआईआर की मांग कर रहे हैं। इस बीच डॉ. आलोक सोनी का क्लिनिक सील कर दिया गया। इंचार्ज सीएमएचओ डॉ. एसके सिंह ने बताया अर्पिता के पिता ने शिकायत की थी, जांच में पाया गया कि डॉ. आलोक सोनी बिना रजिस्ट्रेशन के क्लिनिक चला रहे थे। हमने क्लिनिक सील कर दिया है। ग्राम नईखेडी के सोहन कुशवाह की 9 वर्षीय बेटी अर्पिता जनवरी 2023 में घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान गिरने से वह चोटिल हो गई। उसे उज्जैन के चैरिटेबल हॉस्पिटल में ले जाया गया। यहां डॉ. आलोक सोनी ने पैर में फ्रैक्चर बताया और प्लास्टर चढ़ा दिया। 10 दिन बाद अर्पिता के पैर से बदबू के साथ खून आने लगा। बच्ची के पिता के अनुसार हम तुरंत चैरिटेबल हॉस्पिटल लेकर आए। तब तक बच्ची की तबीयत और बिगड़ गई। डॉ. आलोक से इस बात की शिकायत की तो वे भड़क गए और अस्पताल से निकलवाने की धमकी देने लगे। इसके बाद हमने बेटी को तेजनकर अस्पताल में दिखाया।

## संक्षिप्त समाचार

### जीतू पटवारी पर कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**शाजापुर, निप्र।** मशाल यात्रा के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री के रिश्तेदार के प्रतिष्ठान को टपरा बोले जाने पर यादव समाज द्वारा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। बुधवार को समाज के लोगों ने बड़ा चौक में जीतू पटवारी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए थाना प्रभारी संतोष वाघेला को ज्ञापन सौंपा। समाजजनों का आरोप था कि मंगलवार शाम को शाजापुर में कांग्रेस ने मशाल यात्रा निकाली। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यादव समाज के प्रतिष्ठान को टपरा बोलकर पारिवारिक भावनाओं को आहत किया। ज्ञापन में मांग की गई कि जीतू पटवारी समाज के लोगों से माफी मांगे अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

### जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान



**शाजापुर, निप्र।** आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान अंतर्गत हम होंगे कामयाब का जिला स्तर पर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत के मार्गदर्शन में 26 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान में बुधवार को महिला थाना, थाना कोतवाली, शुजालपुर सिटी, लालघाटी, अवन्तिपुर बड़ोदिया, अकोदिया एवं थाना मक्सी पुलिस द्वारा शहर, ग्राम के स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों पर जाकर छात्र-छात्राओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनों से अवगत कराया गया। साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, गुड टच, बेड टच, भ्रूण हत्या, लिंगानुपात, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, डिजिटल अरेस्ट, साइबर फ्रॉड आदि के संबंध में जागरूक किया गया। वहीं बसों के ड्राइवर, कंडेक्टर का वैरिफिकेशन जांचा गया।

### दो दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**शाजापुर, निप्र।** जिले के ग्राम मंगलाज में उषा इंटरनेशनल का दो दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ। गांव में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ विमेन चाइल्ड एंड यूथ डेवलपमेंट भोपाल और कंचन वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसायटी शाजापुर के सहयोग से सैटेलाइट सिलाई स्कूल शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान 15 गांव की महिलाएं मौजूद रहीं। महिलाओं को प्रशिक्षण के दौरान वर्तमान में आधुनिक तरीके से कपड़े की कटिंग करना बताया गया। वहीं मोबाइल ऐप के माध्यम नई-नई डिजाइन और नए तरीकों से कटिंग करना भी सिखाया गया। मोहन बड़ोदिया ब्लॉक में पूर्व से 15 उषा सिलाई संचालित किए जा रहे हैं और इस प्रशिक्षण के उपरांत 15 अन्य गावों में उषा सेटेलाइट स्कूल खोले जा रहे हैं जिससे इन स्कूलों में प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं स्वयं का बुटिक सेंटर खोलकर आर्थिक रूप से सक्षम हो पाएंगी। प्रशिक्षण के दौरान मॉस्टर ट्रेनर संगीता राजपूत, रमेश, संजय पितले, कंचन वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसायटी शाजापुर के प्रतिनिधि नवीन वर्मा उपस्थित थे।

### अवैध कॉलोनी काटने के मामले में कॉलोनाईजर पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

**शाजापुर, निप्र।** अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों से प्रशासन ने सख्ती से निपटने के लिए तैयारी कर ली है। तहसीलदार ने अवैध कॉलोनियों की जांच कर रिपोर्ट वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश पटवारियों को दिए हैं। वहीं अवैध रूप से कॉलोनी काटने के मामले में कॉलोनाइजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी नगरपालिका को दिए गए हैं। तहसीलदार मधु नायक ने बताया कि शाजापुर के महूपुरा स्वाती पति झरण चौहान और शकुंतला पति राजनारायण के खिलाफ अवैध रूप से कॉलोनी काटने के मामले में मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश नपा शाजापुर को दिए गए हैं। तहसीलदार ने आदेश जारी कर नगरपालिका को निर्देशित किया है कि कॉलोनाइजर/भूमिस्वामी स्वाति चौहान पति झरण चौहान और शकुंतला चौहान पति राजनारायण चौहान निवासी गैस गोडाउन रोड़ शाजापुर जिला शाजापुर के द्वारा सक्षम प्राधिकारी से बिना कॉलोनी विकास अनुमति प्राप्त किए मौके पर अनाधिकृत अवैध कॉलोनी का निर्माण किया गया है, जिसके कारण इनके विरूद्ध मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 (ग) में अधिकथित उपबंधों के अधीन पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई करें।

### योग शिविर में योग कर निरोगी हो रहे लोग



**शाजापुर, निप्र।** मध्य प्रदेश योग आयोग जिला शाजापुर के बैनरतले नगर में पांचवा योग शिविर आयोजित किया जा रहा है। योग शिविर इंदिरा नगर कॉलोनी के मां अंबिका मंदिर परिसर में आयोजित प्रतिदिन प्रातः 5.45 से 7 बजे तक संपन्न हो रहा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष शिक्षक हुकुमचंद्र टेलर ने बताया कि कालोनी में योग शिविर लगाने से कॉलोनीवासी खुश हैं और बढ़-चढक़र उत्साह पूर्वक सभी अपनी योग मेटी पर आकर योग कर रहे हैं। योगाचार्य सत्यनारायण पाटीदार एवं गोपाल कुम्भकार द्वारा बताया कि 22 अगस्त 2023 से निरंतर अखंडित चल रही योग योग कक्षा से कई लोगों ने योग एवं प्राणायाम करके अपने स्वास्थ्य को ठीक किया है। नियमित योग कक्षा 463 दिन से लगातार जारी है एवं शाजापुर में चार अलग-अलग कॉलोनी में बड़े बड़े योग शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। पांच दिवसीय योग शिविर बुधवार से प्रारंभ होकर रविवार को गायत्री यज्ञ के साथ समापन किया जाएगा। योग आयोग के जिला सचिव विवेक दुबे एवं ब्लॉक अध्यक्ष विजय शर्मा ने इंदिरा नगर कॉलोनी के नागरिकों के साथ-साथ शाजापुर नगर के सभी लोगों से आग्रह किया है कि वे सपरिवार पांच दिवसीय योग शिविर में आकर स्वयं को स्वस्थ बनाने के लिए एक कदम और बढ़ाएं। यह कक्षा प्रतिदिन नई नगरपालिका परिसर में निःशुल्क संचालित की जाती है।

# उद्योग, पर्यटन, हरित क्रांति जहां हो जाती है वहां किसी भी प्रकार की बेराजगारी नहीं रहती : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल देवास में 883.62 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया

विनय उजाला



**देवास, निप्र। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने देवास में उज्जैन रोड औद्योगिक क्षेत्र देवास अन्तर्गत 883.62 लाख रूपये के विकास कार्यो, सी.सी.रोड, आर.सी.सी.ड्रेन, हयूम पाईप कल्वर्ट एवं रोड डामरीकरण निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। निर्माण कार्यो से उज्जैन रोड देवास औद्योगिक क्षेत्र की कुल 156 इकाईयां लाभांवित होंगी।**

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि देवास में उद्योग को बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। देवास में औद्योगिक क्षेत्र में आज भूमि पूजन हुआ है। इसका कल से ही काम शुरू करें। कार्य करने की गति और गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय-सीमा में कार्य करें। कलेक्टर स्वयं कार्य की मॉनिटरिंग करें। देवास औद्योगिक क्षेत्र है, यहां और विस्तार की संभावना है। इन्दौर पास होने का पूरा लाभ देवास को मिल रहा है। देवास में इतना होने के बावजूद भी उद्योग क्रांति की आवश्यकता है। उद्योग आने से नागरिकों को रोजगार मिलता है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि तीन प्रकार की क्रांतिया उद्योग क्रांति, पर्यटन की क्रांति, हरित क्रांति जहां हो जाती है, वहां किसी भी प्रकार की बेराजगारी नहीं रहती है। यह सभी विकास के द्वार खोलती है। प्रदेश में 7 लाख हैक्टयेर से 50 लाख हैक्टेयर में सिचाई का पानी पहुंचा है, अगले पांच साल में एक करोड़ हैक्टयर में पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों में इतनी क्षमता है कि पानी मिल जाये तो सभी की गरीबी दूर कर सकते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। पर्यटन क्रांति से हम आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं। दूनिया में बहुत से छोटे-छोटे देश है, जहां पर पर्यटन से टॉप टेन इकॉनोमी में आ रहे हैं। पर्यटन से उन्होंने इकॉनोमी मजबूत की है। तीसरी है उद्योग क्रांति जिसके लिए प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा उद्योग क्षेत्र विस्तार के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी द्वारा रिजनल इंडस्ट्री कॉन्कलेव आयोजित की जा रही है।

### औद्योगिक क्षेत्र में देवास विकसित शहर

देवास विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा देवास को विकास की सौगात दी जा रही है। औद्योगिक क्षेत्र में देवास विकसित शहर है, उद्योग के क्षेत्र में 98 प्रतिशत सक्सेस रेट है। एक समय था जब यहां पानी, बिजली की व्यवस्था नहीं थी आज सभी सुविधाएं हैं। औद्योगिक क्षेत्र उज्जैन रोड देवास में वर्तमान में 156 इकाईयों का संचालन किया जा रहा है। उज्जैन रोड औद्योगिक क्षेत्र देवास अन्तर्गत 883.62 लाख रूपये के विकास कार्यों, सी.सी.रोड, आर.सी.सी. ड्रेन, हयूम पाईप कल्वर्ट एवं रोड डामरीकरण आदि का निर्माण कार्य किया जाना है। उक्त कार्य से औद्योगिक क्षेत्र उज्जैन रोड की इकाईयों को लाभ होगा।

### वृहद स्तर की कुल 28 इकाईयों स्थापित होकर कार्यरत

कार्यक्रम में अध्यक्ष उद्योगिक संगठन अशोक खण्डेलिया ने बताया कि देवास जिले में औद्योगिक क्षेत्र क्रमांक-1, औद्योगिक क्षेत्र क्रमांक-2, औद्योगिक क्षेत्र क्रमांक-3, औद्योगिक क्षेत्र ग्राम सिया, औद्योगिक क्षेत्र उज्जैन रोड देवास, औद्योगिक क्षेत्र ग्राम चापडा एवं औद्योगिक क्षेत्र ग्राम सिरसोदा स्थित है। देवास जिले में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम स्तर की कुल 1613 इकाईयों एवं वृहद स्तर की कुल 28 इकाईयों स्थापित होकर कार्यरत है जिसमें लगभग 50 हजार व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होता है। देवास जिले में प्रमुखतः इंजीनियरिंग, ऑटो मोबाइल सेक्टर, फुड सेक्टर, मिल्क प्रोडक्टस एवं पम्प पार्टस से संबंधित इकाईयाँ कार्यरत है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के आधिपत्य में कुल 253.86 हेक्टेयर अविकसित भूमि उपलब्ध है तथा एमपीआईडीसी के आधिपत्य में कुल 265 हेक्टेयर अविकसित भूमि उपलब्ध है। मध्यप्रदेश के देवास जिले में औद्योगिक स्थापना हेतु अनुकुल वातावरण उपलब्ध है।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सतना महापौर योगेश ताम्रकर, राजीव खण्डेलवाल, सुभाष शर्मा, भरत चौधरी, मिलिंद सोलंकी, बहादूर मुकाती आदि उपस्थित थे।

### नियो एक्सपर्ट प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी का किया लोकार्पण

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने देवास में नियो एक्सपर्ट प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी का लोकापर्ण किया। उन्होंने कम्पनी का निरीक्षण कर वहां बनने वाले उपकरणों की जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि इकाई में न्यू बोर्न बेबी संबंधी उपकरण बनाये जाएंगे।

# स्वयं सहायता समूह से लोन लेकर मोबाइल नम्बर पड़ोसी का दे दिया

## लोन नहीं भरने पर समूह वाले पड़ोसी को परेशान करते थे, जिस पर दोनों परिवारों में जमकर चलें डंडे, पांच लोग घायल

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** सहायता समूह का लोन लेने के बाद लोन लेने वाले व्यक्ति ने अपना मोबाईल नंबर नहीं देते हुए अपने पड़ोसी का मोबाईल नंबर लिखा देने की बात को लेकर पडोसीयो में जमकर लाठी डंडे चलें जिसमें एक महिला सहित पांच लोग घायल सभी घायलों को सोनकच्छ अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद देवास रेफर किया। घटना मंगलवार रात्रि की है।

सोनकच्छ नगर के वार्ड क्रमांक 2 में रहने वाले राकेश मेंडला पिता गिरधारी लाल निवासी वार्ड नं दो भामी पुरा ने अपनी मां मोहिनीबाई, बहु प्राची, के साथ थाना पहुंच कर रिपोर्ट किया कि मैं उक्त पते पर रहता हूँ। मंगलवार दिन मे 04.00 बजे करीबन मेरे मोबाईल न.



7354654862 पर समूह लोन देने वाली कंपनी से लोन के संबंध में फोन आया था बोला जगदीश दिरवाया। से बात करा दो इस पर मैने मेरी पत्नि को फोन लेकर जगदीश के पास बात कराने भेजा जो मेरे घर के सामने ही रहता है, तो जगदीश मां बहन की नंगी नंगी गालिया देकर बोला कि तुम्हे फोन उठाने की क्या जरूरत है फोन पर बात मत करो तो हमने बोला कि तुमने हमारा मोबाईल नंबर क्यो दिया लोन वाले हमे बार बार फोन लगाते है। वह गाली गलोच करने लगा तो मेरा लडका ऋषि बोलने गया तो जगदीश ने मेरे लडके ऋषि को चाटां मार दिया था हम लोग रिपोर्ट करना चाह रहे थे लेकिन परिवार वालो की समझाईस से हमने रिपोर्ट नही लिखायी थी फिर रात 09.00 बजे करीबन की बात है मेरा लडका ऋषि दूध लेने बाजार गया था वापस आते समय दिन के झगड की बात को लेकर जगदीश, राजेन्द्र, गोरव उर्फ गोलु, मयूर चारो ने लडके ऋषि को रोककर मां बहन की नंगी नंगी गालिया देने लगे ऋषि ने इन लोगो को गालियां देने से मना किया तो गोरव उर्फ गोलु ने सरीये से एवं जगदीश, राजेन्द्र तथा मयूर ने लकडी डंडे से मारना शुरु कर दिया मै व लडका हर्षित उर्फ ईशु व मेरी पत्नि पिंकी व मम्मी मोहिनीबाई बीचबचाव करने आये तो सभी लोग हर्षित उर्फ ईशु को मारने दोडे तो वो डरकर बायपास तरफ भाग गया मेरी पत्नि पिंकी व मम्मी मोहिनीबाई को बीच बचाव करने मे चोंट आयी है मारपीट मे मेरे लडके ऋषि को सिर मे पैर मे पीठ मे चोंट होकर सिर से खून निकल आया था आस पास वाले सागर, मायाबाई आ गये जिन्होने घटना देखी है तो ये लोग जाते जाते बोले कि आईंदा हमारे बारे मे कुछ बोला तो जान से खत्म कर देंगे। राजेन्द्र दिरवाया ने हाथ पैर काटने की धोंस दी, फिर ऋषि को सिर मे चोंट होने से हम लोग सीधे सरकारी अस्पताल सोनकच्छ गये व ईलाज कराया ऋषि को देवास रेफर किया गया। वहीं जगदीश दिरवाया की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रिंस भामी पिता अजय, ऋषि भामी पिता राकेश,अजय भामी पिता गिरधारी लाल और ईशु भामी पिता राकेश के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।



# उत्कृष्ट विद्यालय सोनकच्छ में मना संविधान दिवस

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** उत्कृष्ट विद्यालय सोनकच्छ में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सी एल पैठारी के मुख्य आतिथ्य में संविधान दिवस हर्षोल्लाह से मनाया गया। मां सरस्वती एवं संविधान के जनक डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम विधिवत प्रारंभ किया गया।

पैठारी ने संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में छात्रों से चर्चा करते हुए कहा कि अधिकारों से पहले हमें अपने कर्तव्यों का ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य नैना पाठक,प्रविण नामदेव,अमृता अकोतिया, राजेंद्र गौतम आदि शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जगदीश चंद्र पवार ने किया तथा आभार अनिल मेहता ने माना।

# इनोवेटिव स्कूल में आयोजित हुआ संविधान दिवस कार्यक्रम

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देशानुसार संविधान दिवस हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान अभियान के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालय में मनाया गया। इसी अन्तर्गत इनोवेटिव स्कूल प्रबंधन एवं नगर निगम की सहयोगी संस्था बेसिक्स के द्वारा संयुक्त रूप से 26 नवम्बर मंगलवार को विद्यालय में संविधान दिवस आयोजन संबंधी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रदेश की विविध विभूतियों का स्मरण किया गया। जिसमे संविधान निर्माता डॉ। भीमराव जी अंबेडकर के द्वारा रचित संविधान निर्माण सम्बंधी प्रदर्शनी लगाई गई और संविधान संबंधी लघु फिल्म भी प्रदर्शित की



गई। स्वच्छ भारत मिशन से अरुण तोमर द्वारा निगम द्वारा आयोजित शैक्षिक कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। स्कूल एडमिनिस्ट्रेटर सैयद सदाकत अली ने संविधान के इतिहास से परिचय करवाया। विद्यालय के मोहम्मद अली , साहिल खान, जहीरा शैख,और सुकेना खान ने संविधान पर अपने विचार रखें। इन विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यकम के उपरांत नगर निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर महेश सोनी द्वारा बच्चों को संविधान उद्देशिका की शपथ दिलाई गई।

# सभी राजनीतिक दल विजयपुर एवं बुधनी विधानसभा क्षेत्र के लिए कर दें बीएलए की नियुक्ति : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सिंह

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

विनय उजाला

**सीहोर, निप्र।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुखवीर सिंह ने बुधवार को निर्वाचन सदन में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उन्हें फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की जानकारी पेन ड्राइव में प्रदान की गई।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सिंह ने बताया कि उप निर्वाचन होने के कारण प्रदेश के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रं.-2 विजयपुर एवं क्रं-156 बुधनी की मतदाता सूची के प्रारूप का प्रारंभिक प्रकाशन 27नवम्बर को किया गया। इसी दिन से दोनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, वोटर आईडी कार्ड में संशोधन कराने और मृत मतदाताओं के नाम हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक प्रारूप पर दावे-आपत्तियां 12 दिसम्बर तक प्राप्त की जायेंगी। आगामी 30 नवम्बर एवं 8दिसम्बर 2024 को दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कैम्प लगाकर नाम जुड़वाने, हटाने, संशोधन कराने के लिये विशेष अभियान चलाया जाएगा। दोनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों पर कार्यालयीन समय में बीएलओ उपस्थित रहेंगे। प्राप्त सभी दावे-आपत्तियों का 24 दिसम्बर तक निराकरण किया जाएगा। इसके उपरांत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी2025 को किया जाएगा। बैठक में सीईओ श्री सिंह ने सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे दोनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों के लिये अपने-अपने बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) की नियुक्ति अवश्य कर दें। यदि बीएलए नियुक्त हैं, तो उन्हें और अधिक सक्रिय होने के लिये निर्देशित करें। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री बसंत कुर्रे, श्री विवेक श्रोतिय, भारतीय जनता पार्टी से श्री एस.एस. उप्पल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से श्री जे.पी. धनोपिया, आम आदमी पार्टी से श्री सुमित सिंह चौहान एवं बहुजन समाज पार्टी से श्री पूर्णेंद्र अहिरवार उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुखवीर सिंह ने बताया कि इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों के निवासी, जो युवा 1 जनवरी 2025 को 18 साल की आयु पूरी कर रहे हैं, वे मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। नये मतदाताओं का वोटर आईडी कार्ड स्पीड पोस्ट के जरिये आसानी से उनके घर तक पहुंच जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार की निःशुल्क सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

## छोटे कारोबारियों के लिए बहुत मददगार है पीएम स्वनिधि ऋण : कलेक्टर श्री सिंह

# बैंक स्वनिधी योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को प्रदान करें ऋण : कलेक्टर

### डीएलसीसी की बैठक आयोजित

विनय उजाला

**सीहोर, निप्र। कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैंकों की विशेष डीएलसीसी बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के अंतर्गत स्वनिधि भी स्वाभिमान भी अभियान के तहत सभी लंबित आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत मिलने वाला ऋण अपना व्यवसाय शुरू करने वाले व्यक्तियों के लिए बहुत मददगार होता है और उनके जीवन को आर्थिक संबंल प्रदान करता है। इसलिए बैंकों का यह प्रयास होना चाहिए कि प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को ऋण प्रदान करें। इसके साथ ही कलेक्टर श्री सिंह ने भारत सरकार की जन सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत सभी नागरिकों को




योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी बैंकों के प्रतिनिधियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के लक्ष्य दिए गए। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार जिले में 18 नवंबर 2024 से 02 दिसंबर 2024 तक स्वनिधि भी स्वाभिमान भी अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की स्वीकृति और स्वीकृत प्रकरणों का वितरण लाभार्थियों को वितरण कराया जा रहा है। इसके साथ ही स्वनिधि से समृद्धि योजना के अंतर्गत शिविर का आयोजन कर हितग्राहियों की सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइलिंग का कार्य भी किया जा रहा है। प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के अंतर्गत जिन हितग्राहियों को ऋण मिला है, उन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम जनधन योजना वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना, श्रम योगी मानधन योजना और बीओसीडब्ल्यू योजना सहित 08 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला पंचायत सीईओ श्री नितिन टाले, एलडीएम अरूण शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बैकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्रालय में बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण करने की शपथ दिलायी

**भोपाल, निप्र।** मंत्रालय में सचिव सामान्य प्रशासन श्री अनिल सुचारी ने बुधवार प्रात- 11-30 बजे मंत्रालयीन अधिकारियों-कर्मचारियों को बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण करने की शपथ दिलायी। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने बाल विवाह के खिलाफ हर संभव प्रयास करने, परिवार, पड़ौस और समुदाय में किसी बालिका का बाल विवाह नहीं होने, बाल विवाह के किसी भी प्रयास की सूचना सरकार को देने एवं सभी बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए भी अपनी आवाज बुलंद करने और बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण करने की शपथ ली।

### 3 को सेंट्रल लाइब्रेरी में होगी सर्व-धर्म प्रार्थना सभा

**भोपाल, निप्र।** आगामी 3 दिसम्बर को भोपाल गैस त्रासदी की 40वीं बरसी है। इस अवसर पर 3 दिसम्बर को सुबह 10-30 बजे से सेंट्रल लाइब्रेरी, भोपाल के %बरकतउल्ला भवन% में एक सर्व-धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। इस प्रार्थना सभा में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में भोपाल गैस त्रासदी में दिवंगत हुए सभी गैस पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी एवं विभिन्न धर्म-गुरूओं द्वारा धर्म-ग्रंथों का पाठ भी किया जायेगा।

### राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान 2 दिसम्बर को मंत्रालय स्थित पटेल पार्क में होगा

**भोपाल, निप्र।** मंत्रालय स्थित वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्रगीत वन्दे-मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का गायन 2 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे किया जाएगा। इसमें मंत्रालय सहित सतपुड़ा एवं विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्र गीत एवं राष्ट्र गान का आयोजन मंत्रालय में किया जाता है।

### केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री चौहान से जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने की सौजन्य भेंट



**भोपाल, निप्र।** जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बुधवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से सौजन्य भेंट की। मंत्री डॉ. शाह ने पीएम जन-मन योजना में मध्यप्रदेश के 21 जिलों में कमजोर एवं पिछड़े जनजातीय समूह (पीवीटीजी) परिवारों के लिये 33 हजार 138 अतिरिक्त पीएम आवास मंजूर करने के लिये केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री श्री चौहान का ह्रदय से आभार जताया। मंत्री डॉ. शाह ने केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान को पीएम जन-मन के तहत पीवीटीजी परिवारों के हित में किये जा रहे नवोन्मेषी प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी।

# शिल्पों में भी जीवंत है सनातन संस्कृति: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सनातन संस्कृति की विभिन्न शाखाएं संपूर्ण विश्व में फैली हुई है। इन शाखाओं के माध्यम से हिन्दू संस्कृति सर्वत्र व्याप्त है। उन्होंने कहा कि इसी संस्कृति को हम मंदिर संस्कृति भी कहते हैं।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को लंदन के स्वामी नारायण संप्रदाय के मंदिर प्रांगण में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस्कॉन टेम्पल, स्वामी नारायण भगवान जैसे अन्य संप्रदाय विभिन्न प्रकार से सनातन संस्कृति का प्रसार कर रहे है। हमारे धर्म में 33 कोटि देवी-देवताओं को विभिन्न स्वरूपों में पूजा जाता है और यही सनातन संस्कृति और सनातन धर्म की सुंदरता है।

### हमारी संस्कृति अहिंसा परमो धर्म एवं जियो और जीने देने का भाव सिखाती है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मार्ग भले ही पृथक-पृथक हो परंतु सदैव मंशा सद्भाव की होती है। उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलना पूरे सनातन धर्म ने स्वीकार किया है। अहिंसा परमो धर्म का भाव जियो और जीने दो, प्राणी मात्र से प्रेम करो जैसे सरल मार्ग पर चलकर ही आता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसे में समूची मानवता को मंदिर संस्कृति अपने आप में समेटे हुए है। प्रस्तर शिल्प में सनातन संस्कृति जीवंत स्वरूप में दिखाई देती है। हमारी प्राचीन कला, संस्कृति और सभ्यता को विभिन्न स्वरूपों में पत्थरों पर उकेरा गया है, न सिर्फ प्रस्तर शिल्प बल्कि काष्ठ शिल्प भी सनातन संस्कृति विभिन्न रूपों में अपनी कहानी कह रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मनुष्य में सनातन संस्कृति को लेकर मन के भावों को इन उत्कृष्ट कलाओं के माध्यम से जीवंत करने का प्रयास किया गया है।

### संतों के सत्संग से मिलता है मानवता का प्रसाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि कदम-कदम पर चुनौतियों और कठिनाइयों के समय में मन की एकाग्रता के लिए मानवता के साथ अगर कोई सन्मार्ग पर चलना सिखाता है, तो वह सनातन संस्कृति ही सिखाती है, हमारा धर्म सिखाता है। उन्होंने कहा कि मैं अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मध्यप्रदेश की धरती से लंदन में आकर श्री स्वामीनारायण मंदिर में भगवान को नमन करने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ। मैं अपनी इस यात्रा में संतों से मिला और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मैं परमात्मा से यही प्रार्थना करता हूं कि सनातन संस्कृति का इसी प्रकार संपूर्ण विश्व में विस्तार होता रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने 26/11 के शहीदों को दी श्रद्धांजलि यूके के इंडिया हाउस में स्मृति समारोह में हुए शामिल

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुंबई आतंकी हमले 26/11 की बरसी पर लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग द्वारा इंडिया हाउस में आयोजित स्मृति समारोह में देश के इतिहास की सबसे दुखद आतंकी घटना निरूपित किया। उन्होंने 26/11में शहीद हुए वीरों को याद कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने अपने मर्मस्पर्शी संबोधन में उस भयावह घटना की पीड़ा और स्मृतियों को बयाँ किया, जिसने न केवल प्रत्यक्ष पीड़ितों को बल्कि पूरे देश को अन्तत्मन तक झकझोर दिया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस तरह की घटनाओं को भूलने के बजाय उनसे सबक लेना और भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने का प्रयास करना हमारा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हमले में प्राणोत्सर्ग करने वालों शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और एक शांतिपूर्ण भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने शहीदों की वीरता को सैल्यूट किया साथ ही उन जिंदगियों की दृढ़ता को भी सराहा जो इस त्रासदी से उबरकर आगे बढ़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंडिया हाउस में 26/11 दुर्घटना पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में हमले से संबंधित दुर्लभ फोटोग्राफ्स और अन्य जानकारी विजुअली प्रदर्शित की गई, जो उस दुखद घटना की स्याह सच्चाई को बयान कर रही थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यूके के विदेश दौरे पर इंडिया हाउस का भ्रमण कर उसकी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को और करीब से जाना।



# सिंहस्थ वर्ष 2028 के लिए संभाग स्तरीय समिति का गठन

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** राज्य शासन ने सिंहस्थ वर्ष-2028 अंतर्गत आवश्यक अधोसंरचना की कार्ययोजना तैयार करने, इनके क्रियान्वयन की समीक्षा करने एवं मंत्रि-परिषद समिति द्वारा लिये गये निर्णयों का पालन सुनिश्चित करने के लिए संभाग स्तरीय समिति का गठन संभागीय आयुक्त,उज्जैन संभाग की अध्यक्षता में किया है । समिति में कलेक्टर, जिला उज्जैन सदस्य सचिव होंगे। मेला अधिकारी उज्जैन, इंदौर कलेक्टर, खण्डवा कलेक्टर, देवास कलेक्टर, संबंधित विभागों के संभागीय अधिकारीगण, आयुक्त नगर पालिका निगम उज्जैन, संयुक्त, संचालक, कोष एवं लेखा उज्जैन संभाग, मुख्य अभियंता लोक निर्माण, उज्जैन/इंदौर, मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, इंदौर सदस्य होंगे। समिति द्वारा सिंहस्थ-2028 के अंतर्गत आवश्यकता अनुसार नए कार्यों के प्रस्ताव नोडल विभाग को अनुशंसित करना, राज्य शासन द्वारा समिति को निर्माण एवं क्रय के कार्यों, राज्य शासन द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य उत्तरदायित्व निर्वहन समिति द्वारा किये जायेंगे।

# मानव तस्करी और मानव दुर्व्यापार को रोकने आयोजित होगी राज्य स्तरीय कार्यशाला : मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि मजदूरी के बहाने महिलाओं और बच्चियों की ट्रैफिकिंग पर कड़ी कार्रवाई करना होगी।



जनजातीय क्षेत्रों में मानव तस्करी एवं उनके दुर्व्यापार को रोकने के लिये ग्रामीण क्षेत्र में मैदानी अमलों और हाई-वे पर भी तैनात कर्मियों को सोर्स, ट्रांजिट और डेस्टिनेशन के ग्रामों की पहचान करने के लिये प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक है। मंत्री सुश्री भूरिया ने बुधवार को मंत्रालय में मानव तस्करी व दुर्व्यापार जैसे संवेदनशील मुद्दे पर बैठक ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर स्वयंसेवी संस्थाओं की सहायता से मानव दुर्व्यापार और मानव तस्करी में बदलते रुझान और उनसे निपटने की रणनीति और जागरूकता लाने के लिये जल्द ही राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिये।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि महिलाओं और बच्चियों को मानव तस्करी व दुर्व्यापार से बचाने के लिये डेडिकेटेड टीम की आवश्यकता होगी, तभी इसके सकारात्मक परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी के लिये मजदूरी के बहाने महिलाओं और बच्चियों की ट्रैफिकिंग पर कडी कार्यवाही करना होगी। मैदानी स्तर पर कार्यकर्ताओं व गांव के कोटवारों को मानव तस्करी रोकने की ट्रेनिंग दी जानी चाहिए।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विनय मिश्रा द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स, एलयूएन शेड नं.21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल से मुद्रित एवं बी-104, शास्त्री नगर, जवाहर चौक, भोपाल से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा
स्थानीय संपादक- मनोहर राजपूत, मो. 9425910888, 9826022450 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.